दैनिक
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
n वर्ष : 10 अंक : 290 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 15 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल की किसानों को एक और बड़ी सौगात, मनरेगा में खेतों में टांका निर्माण को मिली अनुमति

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अपील की स्वीकार, प्रदेश के किसान अब मनरेगा में अपने खेत में टांका का निर्माण करवा सकेंगे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक बार फिर से प्रदेश के किसानों को केंद्र की मोदी सरकार से एक बहुत बड़ी सौगात और राहत दिलवाने में सफलता हासिल की है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कि उस अपील पर जिसमें मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया था कि अगर प्रदेश के किस की निजी खातेदारी जमीन पर मनरेगा के तहत टांके का निर्माण करवा दिया जाए तो यह किसान और खेती दोनों के लिए काफी लाभदायक साबित होगा और जमीन का पानी का स्तर भी नीचे नहीं जाएगा। इससे एक तरफ जहां अन्नदाता किसान को राहत मिलेगी तो दूसरी तरफ कृषि उत्पादन और पर्यावरण संतुलन को भी गति मिलेगी साथ ही जल संचय के काम भी ठीक तरह से संपादित हो सकेगा इस तरह का पत्र मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भेजा था। इसके अलावा व्यक्तिगत मुलाकात के दौरान भी मुख्यमंत्री शर्मा ने चौहान से इस तरह के डिमांड की थी जिसको चौहान ने स्वीकार कर लिया है और बाकायदा केंद्रीय मंत्री ने पत्र लिखकर मुख्यमंत्री शर्मा की अपील को स्वीकार करने की बात कही है जिसके बाद अब प्रदेश में निजी खातेदारी की जमीन पर भी किसान अपने खेत में मनरेगा के तहत टांके का निर्माण करवा सकेंगे जो कहीं ना कहीं किसानों के लिए एक बहुत बड़ी और अच्छी खबर है कृषि क्षेत्र के जानकार लोगों का कहना है कि राजस्थान जैसे मारू प्रदेश में बरसात के पानी का संचयन करना बहुत जरूरी है क्योंकि राजस्थान में अन्य राज्यों की तुलना में कम बरसात होती है हालांकि यह बात अलग है कि पिछले कुछ सालों से राजस्थान में अच्छी बरसात होती है लेकिन ओवरऑल अन्य राज्यों की तुलना में हमेशा ही राजस्थान में कम बरसात होती है जबकि राजस्थान में कई बार कई जिलों में बरसात नहीं होने की वजह से अकाल के हालात बन जाते हैं खासतौर से प्रदेश के रेगिस्तान जिलों में यह समस्या काफी भीषण होती है। इसलिए बरसात के पानी का जितना संचय किया जाए उतना ही कम है इस कार्य में प्रदेश की भजनलाल सरकार पूरी गंभीरता और सजकता के साथ कार्य भी कर रही है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। किसानों के बीच में शुरू से ही रहे हैं और राजस्थान में पानी की कमी की समस्या से भी अच्छी तरह से वाकिफ हैं इसीलिए उन्होंने बरसात के पानी का संचय करने के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से विशेष रूप से अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री शर्मा यह जानते हैं कि राजस्थान के किसानों के खेत में अगर तालाब या टांका बना दिया जाए तो यह किसान के लिए भी काफी अच्छा होगा और खेती के लिए भी काफी लाभदायक होगा इसलिए उन्होंने मनरेगा के तहत यह कार्य करवाने की इच्छा प्रकट की ताकि किसानों का पैसा भी ना लगे और किसानों को पानी की समस्या से छुटकारा भी मिल जाए इसलिए उन्होंने पिछले दिनों केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से व्यक्तिगत मुलाकात करके भी विस्तार से इस दिशा में अपनी बात कही थी। जिसको शिवराज सिंह चौहान ने भी स्वीकार किया और माना कि उनका यह अच्छा सुझाव है। हालांकि शिवराज सिंह चौहान ने यह कहा कि इस तरह की व्यवस्था और नियम मनरेगा में पहले से ही है लेकिन कहीं ना कहीं निजी खातेदारी की जमीन में टांका निर्माण जैसे कार्य नहीं हो पा रहे थे। इसीलिए मुख्यमंत्री शर्मा ने निजी खातेदारी की जमीन पर टांका निर्माण अनुमति मनरेगा के तहत देने की रिक्वेस्ट शिवराज सिंह चौहान से की थी जिसे शिवराज सिंह चौहान ने स्वीकार भी कर लिया ।



### मुख्यमंत्री भजनलाल ने पिछले 2 साल में पानी के क्षेत्र में सबसे ज्यादा कार्य और सबसे ज्यादा ऐतिहासिक फैसले लिए

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ग्रामीण परिवेश से ताल्लुक रखते हैं और खेती-बाड़ी के बारे में भी अच्छी जानकारी रखते हैं किसानों के बीच में शुरू से ही रहे हैं और वह यह भी जानते हैं कि अगर राजस्थान में पानी और बिजली के समुचित और अच्छी व्यवस्था हो जाए तो राजस्थान पूरे देश का नंबर वन विकसित राज्य बन सकता है। इसीलिए मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने सबसे ज्यादा कार्य अब तक पानी के क्षेत्र में ही किया है। मुख्यमंत्री शर्मा यह जानते हैं कि अगर प्रदेश में किसानों को समुचित पानी मिलेगा तो कृषि उत्पादन बढ़ेगा किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और प्रदेश तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा इसीलिए उन्होंने सबसे पहले मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश के पूर्वी भाग के कई जिलों के लाखों लोगों और किसान की पानी की समस्या को दूर करने के लिए लंबित पड़ी ईआरसीपी प्रोजेक्ट को धरातल पर लाने का कार्य शुरू किया यह प्रोजेक्ट मध्य प्रदेश सरकार से चल रहे मतभेद के चलते और केंद्र सरकार से चल रहे विवाद की वजह से प्रदेश में संपादित नहीं हो पा रहा था। पिछली गहलोत सरकार में यह प्रोजेक्ट ठीक तरह से गति नहीं पकड़ पाया लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस प्रोजेक्ट को धरातल पर लाने के लिए एक तरफ जहां मध्य प्रदेश सरकार से मुख्यमंत्री बनने के 1 महीने के भीतर ही समझौता किया और केंद्र सरकार के सहयोग से इस प्रोजेक्ट को धरातल पर लाने में भी कामयाब रहे ।इस प्रोजेक्ट पर युद्ध स्तर पर कार्य जारी है इसके अलावा यमुना जल समझौते को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा ने हरियाणा सरकार से भी समझौता किया ।इसके अलावा माही डैम ,नर्मदा का पानी गंगा नहर, इंदिरा गांधी नहर, से जुड़े तमाम तरह के पुराने मामलों को सुलझाया जिसकी वजह से पानी के क्षेत्र में भजनलाल सरकार अब तक प्रदेश में रिकॉर्ड तोड़ ऐतिहासिक कार्य संपादित करने में सफल रही इसलिए निश्चित रूप से आने वाले समय में राजस्थान में किसी भी कोने में पानी की कोई समस्या नहीं रहेगी ।इसलिए अब जिस तरह से मनरेगा के तहत किसान अपने खेतों में टांका का निर्माण करवा सकेंगे उससे भी किसानों को काफी फायदा होगा जो प्रदेश की तरक्की के लिए भी एक बड़ा माध्यम बनेगा ।*

# आज डूंगरपुर में आदिवासियों का दिल जीतेंगे भजन लाल शर्मा

**आदिवासियों के भगवान बिरसा मुंडा के जन्म उत्सव पर आज डूंगरपुर के कॉलेज में सरकार की ओर से हो रहा है राज्य स्तरीय कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस कार्यक्रम से लाइव जुड़ेंगे सरकार के कई मंत्री और आदिवासी समाज के कई बड़े नेता रहेंगे मौजूद कार्यक्रम में उद्धाटन शिलान्यास और स्कूटी वितरण जैसे कार्यक्रम भी होंगे**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मेवाड़ अंचल में आज डूंगरपुर में आदिवासियों के भगवान बिरसा मुंडा के जन्म उत्सव पर प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से आयोजित किया जा रहा राज्य स्तरीय कार्यक्रम प्रदेश के आदिवासी समाज के लोगों का दिल जीतने का एक बड़ा माध्यम बनने जा रहा है। बिरसा मुंडा आदिवासी समाज में भगवान की तरह पूजे जाते हैं और प्रदेश के भजनलाल सरकार ने बिरसा मुंडा के जन्म उत्सव को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मना रही है तो प्रदेश भर में जन्म उत्सव को लेकर कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसकी वजह से आदिवासी समाज के लोगों के दिलों को प्रदेश की भजनलाल सरकार ने दिल से छू लिया है जिसका फायदा भारतीय जनता पार्टी को आगामी चुनाव में मिल भी सकता है आज डूंगरपुर में आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय कार्यक्रम में डूंगरपुर, बांसवाड़ा, राजसमंद, उदयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, कोटा ,झालावाड़ जिलों के अलावा गुजरात और मध्य प्रदेश से भी बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोगों के आने की संभावना है इसलिए आज की इस सभा में लाखों की तादाद में आदिवासी समाज के लोगों की भीड़ एकत्रित होने की बात कही जा रही है इस कार्यक्रम में बालिकाओं को जहां स्कूटी का वितरण होगा तो दूसरी तरफ दिव्यांगों को भी कई तरह की सौगात मिलने वाली है कार्यक्रम में आदिवासी इलाकों में उद्धाटन और शिलान्यास जैसे कार्यक्रम भी मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार के हाथों से संपादित होंगे बड़ी बात यह है कि इस कार्यक्रम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सीधे लाइव जुड़ेंगे इसलिए आज का यह कार्यक्रम कहीं ना कहीं मेवाड़ की राजनीति में भाजपा के लिए एक बहुत बड़ा लाभदायक टर्निंग प्वाइंट बनने जा रहा है जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने आदिवासी समाज के उत्थान और कल्याण के लिए कई तरह की योजनाएं पहले से ही संपादित की हुई है इसके अलावे आदिवासी क्षेत्र को पर्यटक क्षेत्र में भी विकसित किया जा रहा है जिसकी वजह से यहां पानी, बिजली, सड़क, चिकित्सा, रोजगार ,उद्योग जैसे विकास कार्यों का सिलसिला भी जोर-जोर से जारी है आदिवासी समाज के लोकप्रिय नेता महेंद्रजीत सिंह मालवीय कांग्रेस का दामन छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो चुके हैं। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी में आदिवासी समाज के कई बड़े नेता हैं जो वर्तमान में प्रदेश की भजनलाल सरकार में मंत्री भी हैं इसलिए कहीं ना कहीं अब आदिवासी समाज का झुकाव अन्य राजनीतिक दलों की तुलना में भाजपा की ओर ज्यादा होने लगा है हालांकि भारत आदिवासी पार्टी की पकड़ भी आदिवासी समाज में बनी हुई है कांग्रेस पार्टी भी आदिवासी समाज में अच्छी पकड़ रखती है लेकिन पिछले 22 महीना में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने आदिवासी समाज के लोगों के कल्याण के लिए और आदिवासी क्षेत्र का समुचित विकास करने के लिए करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी है उसकी वजह से प्रदेश के आदिवासी समाज का प्रदेश की भजनलाल सरकार के प्रति भरोसा और विश्वास मजबूत हुआ है जिसकी वजह से आने वाले चुनाव में भाजपा को इसका निश्चित रूप से फायदा मिलना तय है अभी हाल ही में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने डूंगरपुर में नया बस स्टैंड से लेकर सदर थाना राणापुंज सर्कल तक प्रमुख सड़क का नाम भगवानबिरसा मुंडा रखा है इसके अलावा डूंगरपुर नगर परिषद में भी भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर हाल का नाम रखा गया है जो यह बताता है कि प्रदेश सरकार आदिवासियों को अपने दिल से जोड़कर रखने का प्रयास कर रही है ।



# भाया ने मारा चौका और कहा यह अंता की जनता की जीत : प्रमोद जैनभाया

## डोटासरा, गहलोत, जूली और कई अन्य कांग्रेस के बड़े नेताओं ने दी शुभकामनाएं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** अंता विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया की जीत के बाद कांग्रेस पार्टी के छोटे बड़े सभी नेताओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जहां कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई तो अंता विधानसभा क्षेत्र में भी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और आपस में गले मिलकर कांग्रेस पार्टी में एकजुट का संदेश दिया। भाया इस जीत के बाद चौथी बार राजस्थान विधानसभा में पहुंचे हैं इससे पहले वे तीन बार राजस्थान विधानसभा के सदस्य चुने गए पहली बार उन्होंने 2003 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीत और इसके बाद 2008 और 2018 में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीता वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी कंवरलाल मीणा से करीब 5000 वोटो के अंतर से चुनाव हारे लेकिन 2 साल बाद इसी सीट पर हुई उपचुनाव में प्रमोशन भैया ने 15594 मतों से जीत हासिल करके अपनी पिछली हार कर का भाजपा से बदला तो लिया ही इसके अलावा तीन गुना ज्यादा वोट के अंतर से चुनाव जीतकर खुद को साबित किया चुनाव जीतने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रमोद जैन भाया ने कहा कि यह जीत अंता विधानसभा क्षेत्र के लोगों की जीत है यह जीत कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की जीत है यह जीत उनके माता-पिता से मिले संस्कारों और कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं के उन पर आशीर्वाद की जीत है एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी एकजुट है कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी है। उन्होंने पहले भी विधायक के रूप में अपने निर्वाचन क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर विकास कार्य करवाए और अब भी क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में प्रदेश में कोई विकास कार्य नहीं हुआ। पिछले सरकार की विकास की योजनाओं को वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया प्रदेश की जनता खुद को ठगा सा महसूस कर रही है। प्रदेश के लोग भाजपा से नाराज हैं और 2028 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की फिर से सरकार बनेगी। एक अन्य सवाल के जवाब में भाया ने कहा कि उन्होंने अंता विधानसभा क्षेत्र में हर जाति और बिरादरी के लोगों के बीच अपना पूरा समय बिताया है लोगों की तकलीफों को सुना है चाहे विधायक रहा हो या नहीं रहा हो उन्होंने अंता विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक स्तर पर खूब काम करवाएं सामाजिक सरोकारों के कार्यों में कई सालों से अग्रणी भूमिका निभा रहा हूं इसलिए क्षेत्र के लोगों का मुझे प्यार और सम्मान मिलता रहा है उन्होंने कहा कि मेरी और मेरे परिवार की छवि को धूमिल करने का भी प्रयास किया गया। लेकिन यहां की देवतुल्य जनता ने उन पर पहले भी विश्वास किया और इन चुनाव में भी उन पर विश्वास किया और अब वे लोगों के विश्वास और उम्मीद पर फिर से खरे उतरेंगे उन्होंने कहा कि मुझे इस सीट पर जब जब पराजय मिली तब भी मैंने यहां हर जाति और बिरादरी के लोगों के बीच अपना समय बिताया और लोगों की समस्याओं को सुना और लोगों के दुख में भागीदार बना रहा तभी यहां की जनता ने मुझे एक बार फिर से आशीर्वाद दिया है। । इधर जयपुर में राजस्थान कांग्रेस कार्यालय में गोविंद सिंह डोटासरा ,टीकाराम जूली और कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने अंता विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की हुई जीत पर प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि यह तो एक तरह से प्रदेश की भाजपा सरकार का टेस्ट है जिसमें प्रदेश सरकार फेल हो गई है और 2028 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित है प्रमोद जैन भैया की जीत पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत , प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली, पूर्व मंत्री साले मोहम्मद ,कांग्रेस पार्टी के विधायक हरिमोहन शर्मा ,अशोक चांदना सहित कई नेताओं ने प्रमोद जैन भैया को जीत पर बधाई दीहै ।



# बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत, महा गठबंधन का सुपड़ा साफ

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए रिकॉर्ड तोड़ ऐतिहासिक जीत की ओर आगे बढ़ रहा है चुनाव आयोग के रुझानों के अनुसार एनडीए को सरकार बनाने का पूर्ण बहुमत मिल गया है इसलिए दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में भी जीत पर शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई नेताओं ने संबोधित किया द्य खबर लिखे जाने तक बिहार विधानसभा की 243 सीटों पर हुए चुनाव में एनडीए के प्रत्याशी 202 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं और महागठबंधन सिर्फ 35 सीटों पर ही आगे चल रहे हैं इसलिए इन रुझानों से कांग्रेस पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल को गहरा झटका लगा है खबर लिखे जाने तक भारतीय जनता पार्टी को 66 सीट मिल चुकी थी और 24 सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आगे चल रहे थे इस तरह से माना जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी को 90 सीट पर जीत मिल सकती है भारतीय जनता पार्टी ने यहां 101 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे और उनके सहयोगी दल जनता दल यू ने भी 101 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे इन चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का प्रदर्शन शानदार रहा है और नीतीश सरकार के अधिकांश मंत्री चुनाव जीत गए हैं खबर लिखे जाने तक एनडीए के प्रदर्शन को देखकर हर कोई चकित है जो नतीजे सामने आ रहे हैं ऐसे नतीजे की उम्मीद एनडीए के रणनीतिकारों को भी नहीं थी लेकिन बिहार की जनता ने प्रदेश की नीति सरकार और केंद्र की मोदी सरकार के कार्यों पर मोहर लगाकर एक बार फिर से बिहार में एनडीए सरकार को अपना आशीर्वाद दे दिया है इन चुनाव में कांग्रेस पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल दोनों ने बिहार की जनता का विश्वास खो दिया है जबकि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता का भरोसा और समर्थन हासिल करने के लिए वोट चोरी जैसे मुद्दे को लेकर भी भाजपा के खिलाफ माहौल बनाने का प्रयास किया लेकिन बिहार की जनता ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के इन सारे प्रयासों को आइना दिखा दिया खबर लिखे जाने तक एनडीए 202 सीटों पर आगे चल रहा था जिसमें भाजपा 90 जदयू 84 लोजपा 19 और अन्य सहयोगी दल 9 सीटों पर आगे चल रहे थे दूसरी तरफ महागठबंधन 35 सीटों पर ही आगे चल रहा था जिसमें राष्ट्रीय जनता दल 25 कांग्रेस से और अन्य सहयोगी दल चार सीटों पर आगे चल रहे थे इस तरह से टोटल 243 सीटों में महागठबंधन के प्रत्याशी सिर्फ 35 सीटों पर रुझानों में आगे चल रहे थे जो साफ दिख रहा है कि महा गठबंधन के प्रति बिहार के लोगों ने अपनी नाराजगी और गुस्सा प्रकट किया हैबिहार के चुनाव नतीजे के रुझान के बाद भारतीय जनता पार्टी के बिहार स्थित कार्यालय के अलावा दिल्ली स्थित कार्यालय में भी जोरदार खुशी का माहौल बन गया जनता दल यूके के पटना स्थित कार्यालय पर भी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और जीत की बधाई दी दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में एनडीए की जीत के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में एनडीए की यह जीत बिहार के उन माता और बहनों की जीत है जो पूर्व में राष्ट्रीय जनता दल के जंगल राज की पीड़ा भोग चुके हैं बिहार में एनडीए की जीत उन बिहार के युवाओं की जीत है जो पूर्व में बिहार के राष्ट्रीय जनता दल सरकार के समय अपने सपनों को खाक कर चुके थे बिहार में एनडीए की यहबड़ी जीत 25 साल के बिहार के स्वर्णिम विकास यात्रा को आगे बढ़ाने की जीत है उन्होंने कहा कि बिहार अब विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है बिहार अब तुष्टिकरण की राजनीति की भेंट नहीं चढ़ रहा बिहार के लोग विकास चाहते हैं और विकास के नाम पर ही उन्होंने एनडीए को भारी समर्थन दिया है प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बिहार की जीतसे पश्चिम बंगाल में भी पार्टी की जीत का रास्ता खुल गया है पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में भी एनडीए शानदार जीत दर्ज करेगा उन्होंने कहा कि पूर्व में बिहार में एक राजनीतिक दल के परिवार के सदस्यों ने बिहार को खूब लूटा बिहार में भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार छाया हुआ था बिहार के लोग गरीबी की पीड़ा झेलते रहे और यहां शासन करने वाले लोग बिहार की जनता का पैसा अपनी जेब में भरते रहे बिहार में अराजकता और जंगल राज जैसे हालात कई सालों तक बन रहे जिसकी वजह से एक तरफ जहां बिहार का विकास नहीं हो पाया तो दूसरी तरफ बिहार का युवा अन्य राज्यों में जाकर अपना पेट भरने के लिए मजबूर हो गया। लेकिन जब से बिहार में एनडीए सरकार का आगमन हुआ है तब से ही बिहार विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने भी बिहार के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी हजारों करोड़ों रुपए की योजनाएं बिहार के लोगों को समर्पित की जिसका फायदा बिहार की जनता उठा रही है उन्होंने कहा कि आज बिहार में चारों तरफ विकास की गंगा बह रही है और भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म कर दिया गया है। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है जंगल राज को पूरी तरह से मिटा दिया गया है इसी वजह से बिहार की जनता ने बिहार के विकास के लिए फिर से एनडीए को ऐतिहासिक समर्थन दिया है द्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि छठ पूजा को लेकर विपक्षी दल नौटंकी करार दे रहे थे लेकिन बिहार की जनता ने विपक्षी दलों को आइना दिखा दिया है उन्होंने कहा कि अब छठ पूजा को यूनेस्को की सूची में भी शामिल करवाएंगे।



## रेलवे स्टेशन पर मण्डोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव सहित अनेक कार्यो को लेकर हुई चर्चा




जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** शुक्रवार को स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में स्टेशन सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन वाणिज्य निरीक्षक शिवदयाल ने किया। बैठक में राजगढ़ रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य सहित रेलवे अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में राजगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर युटीएस के पृथक-पृथक काउण्टर चालू करवाने, प्लेटफार्म नंबर 1 व 2 पर टीन शेड की लम्बाई बढ़ाने का प्रस्ताव भेजने, मण्डोर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव राजगढ़ स्टेशन पर प्रयोगात्मक करवाने, दिल्ली-रेवाड़ी के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 74001 व 74002 का विस्तार दिल्ली-बांदिकुई तक बढ़ाने का प्रस्ताव भेजने का पारित किया। वहीं डॉ खेमसिंह आर्य ने रेलवे स्टेशन के बाहर तिरंगा झंडा लगाने का सुझाव दिया। लायंस क्लब के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने रेलवे स्टेशन के बाहर लगे अवैध खोखे हटवाने की मांग की। बैठक में वाणिज्य निरीक्षक शिवदयाल, स्टेशन अधीक्षक रामफूल मीना, राजगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, डॉ खेमसिंह आर्य, प्रदीप गुप्ता, अजय यादव, वीरेंद्र दाधीच आदि उपस्थित रहे।

## अलवर सांसद खेल उत्सव में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी अलवर ने दी निःशुल्क मेडिकल सुविधाएं




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी अलवर द्वारा शुक्रवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित अलवर सांसद खेल उत्सव 2025 के फाइनल खेलों के अंतर्गत मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराई गई। जहां तकरीबन 265 लोगों की निःशुल्क शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई, जिसमें तकरीबन 69 लोग डायबिटीज से पीड़ित पाए गए, इनमें से 13 लोग ऐसे थे जिनको पता ही नहीं था कि वह इस बीमारी से ग्रसित भी हैं। गेम्स के दौरान चोटिल तकरीबन 70 से अधिक बच्चों की मर्म पट्टी की गई सभी को दवा भी निःशुल्क वितरण की गई एक अस्थमा से पीड़ित बच्ची को अस्थमा का सीवियर अटैक आने पर तुरंत सावधानी बरतते हुए ऑक्सीजन लगाकर सामान्य चिकित्सालय में भेजा गया, जहां बच्चों को आराम आने के बाद छुट्टी देगी। एक बच्चे की कबड्डी खेलते वक्त उंगली में फैक्चर को तुरंत सामान्य चिकित्सालय बेचकर इसका प्लास्टर कराया गया। वहीं तकरीबन ढाई सौ से 300 बच्चों को सर दर्द, बदन दर्द, उल्टी चक्कर, पेट दर्द इत्यादि की दवाई देकर तुरंत राहत दिलाई गई। शुक्रवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में अलवर मेडिकल मोबाइल यूनिट्स के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर और सेंट जॉन ए बुलेंस इंडिया अलवर के चेयरमैन गिरीश गुप्ता, डॉ रमेश, नर्सिंग स्टाफ मनीष, फार्मासिस्ट पवन, ड्राइवर मनीष ने अपनी सेवाएं प्रातः 8:30 से शाम 6 बजे तक उपलब्ध करवाई। शनिवार को 5 मेडिकल मोबाइल यूनिट्स अपनी सेवाएं प्रातः 8:30 से खेल समाप्ति तक प्रदान करेंगी।

## बनवारी बापू ने सुनाईं कृष्ण लीलाएं, गोवर्धन पूजा की कथा

### श्रद्धा से उमड़ा मोतीवाड़ा में भागवत कथा का पंडाल



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** पंचायत समिति क्षेत्र के मोतीवाड़ा गांव के डूंगरी बास स्थित श्री भोंमिया जी महाराज के मंदिर परिसर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। कथा के पांचवें दिन कथावाचक आचार्य बनवारी बापूजी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और गोवर्धन पूजा की पावन कथा का विस्तार से वर्णन किया गया बापूजी ने बाल कृष्ण की मनमोहक लीलाओं, ग्वाल बालों के साथ उनके हर्षोल्लास तथा भक्त-भगवान के प्रेम संबंध को भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया। गोवर्धन पूजा प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने इंद्र के अभिमान, ब्रजवासियों की रक्षा और भगवान श्रीकृष्ण द्वारा पर्वत धारण करने की घटना को भक्तिमय वातावरण में पिरोया। कथा के दौरान पूरा पंडाल 'गोविंद, गोविंद' के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए आचार्य बनवारी बापूजी ने प्रवचन में स्पष्ट किया कि संसार के क्षणभंगुर सुख मनुष्य को स्थायी संतोष नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि 'परमात्मा की भक्ति ही जीवन का असली और शाश्वत सुख है। जो भक्ति में रम जाता है, वही सच मायने में जीवन का सार समझ पाता है कथा स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं और युवा प्रतिदिन उपस्थित होकर भक्ति रस का आनंद ले रहे हैं। कथा का आयोजन सहज और अनुशासित रूप से चल रहा है तथा आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

# धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

### प्रदर्शनी एवं लघु फिल्म के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी एवं जनजातीय समाज के कल्याण हेतु संचालित स्कीमों से आमजन एवं बच्चों को कराया रूबरू



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने प्रताप ऑडिटोरियम में भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जन्म जयन्ती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव वर्ष के तहत जिला प्रशासन के द्वारा एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सहयोग से लगाई गई दो दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुण्डा की जीवनी पर आधारित लघु फ़िल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, समर्पण एवं आत्मनिर्भरता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेकर जनजातीय समाज के उत्थान के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वित्त सुनिश्चित की जा रही है, जिसके तहत जिले के जनजातीय बहुल 142 गांवों में लगभग 17 विभागों की 25 जन कल्याणकारी योजनाओं में सैचुरेशन स्तर प्राप्त करने के लिए अनवरत कार्य किया जा रहा हैं।

### प्रदर्शनी में भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी एवं जनजातीय समाज के कल्याण हेतु संचालित स्कीमों को दर्शाया

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने प्रताप ऑडिटोरियम में जिला प्रशासन एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के सुअवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में भगवान बिरसा मुंडा की जीवनगाथा के रूप में उनके संघर्षों एवं आदिवासी समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनजातीय समाज के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं पर आधारित चित्र लगाए गए, जिसको आमजन एवं विद्यालयों के बालक-बालिकाओं ने उत्साह के साथ देखा। प्रदर्शनी में आए लोगों ने प्रदर्शनी को ज्ञानवर्धक बताया।

### भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का किया गया प्रदर्शन

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में उनके जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रताप ऑडिटोरियम में प्रदर्शन किया गया, डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी संपूर्ण जीवनी एवं ऐतिहासिक योगदानों के बारे में अवगत करवाया गया। बच्चों ने लघु फिल्म को प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रविंद्र, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेंद्र शर्मा, जिला परिषद के अधिशासी अभियंता प्यारेलाल मीणा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक मनोज कुमार मेहरा सहित जनप्रतिनिधिगण, आमजन एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## वन राज्यमंत्री ने प्रतिभा सम्मान समारोह एवं आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रदर्शनी में की शिरकत

### केंद्र व राज्य सरकार दिव्यांगजनों को आगे बढाने के लिए प्रतिबद्ध - वन राज्यमंत्री शर्मा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने बाल दिवस के अवसर पर विजय नगर स्थित जागृति मूकबधिर विद्यालय में लॉयंस क्लब अलवर सरिस्का के द्वारा आयोजित दिव्यांग बच्चों के प्रतिभा सम्मान समारोह एवं आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रदर्शनी में शिरकत की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार दिव्यांगजनों को आगे बढाने के लिए निरन्तर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की गई है जिनका जागरूक रहकर लाभ उठाए। उन्होंने जागृति संस्थान मूक बधिर बच्चों के हित में अनवरत कार्य करने की सराहना कहते हुए भामाशाहों व संस्थान के पदाधिकारियों को साधुवाद दिया। उन्होंने संस्थान के पदाधिकारियों से कहा कि बच्चों को प्रकृति से जोडने व वन्यजीवों की जानकारी प्रदान करने हेतु सरिस्का व रणथम्भौर भ्रमण करावे। इसमें पूर्ण सहयोग किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने प्रतिभावान दिव्यांग बच्चों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें उनके सपने साकार करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर लॉयंस क्लब अलवर सरिस्का के कॉर्डिनेटर डॉ. दीप्तेश गुप्ता व डॉ. लवेश गुप्ता, डॉ. हरीश गुप्ता, अमित गोयल, सतीश यादव, संजीव गुप्ता, धर्मेन्द्र अग्रवाल सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति, लॉयंस क्लब अलवर सरिस्का के पदाधिकारी एवं बालक-बालिकाएं मौजूद रहे।

## एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा रक्तदान, स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज जयपुर एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा रक्तदान, स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अतिरिक्त मुख्य सचिव, तकनीकी शिक्षा कुलदीप रांका द्वारा किया गया। रांका ने ब्लड डोनर्स की हौंसला अफ़ज़ाई की और उन्हें स्मृति चिह्न भी प्रदान किए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि निदेशक तकनीकी शिक्षा राजेश शर्मा एवं पूर्व प्राचार्य ओ पी हरकुट ने संस्था द्वारा सामाजिक कार्य करने की प्रशंसा की और रक्तदान को आपातकाल में मददगार बताया। एसोसिएशन अध्यक्ष जी. पी. शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष ब्लड डोनेशन, स्वास्थ्य एवं नेत्र जाँच शिविर तथा सी पी आर डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर के आयोजन से सदस्यों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सजगता पैदा होती है। एसोसिएशन महासचिव और संयोजक दिनेश चंद सैनी ने बताया कि शिविर में लगभग 100 यूनिट रक्त संग्रहण हुआ तथा इसमें स्टाफ, एलुमनाई ,खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज, फागी के छात्र छात्राओं का विशेष योगदान रहा। रक्तदान के अलावा शिविर में स्वास्थ्य तथा नेत्र जांच का आयोजन भी किया गया जिसमे सभी कॉलेज के छात्र छात्राएं तथा उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी जाँच करवाई। इस अवसर पर खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज जयपुर के प्रधानाचार्य विनोद जांगिड, इंजीनियरिंग कॉलेज जयपुर, पॉलीटेक्निक कॉलेज फागी प्रधानाचार्य, एसोसिएशन कोऑर्डिनेटर रुघा राम पंवार, संजय शर्मा, डॉ. रितु सिंह, कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष तथा स्टाफ सदस्य एवं एलुमनाई एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रयागराज विजयवर्गीय सहित अन्य पदाधिकारीगण तथा कई सदस्य उपस्थित रहें।

## वन राज्यमंत्री ने पेन एंड पैलियेटिव केयर क्लिनिक का किया लोकार्पण

### आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता - वन राज्यमंत्री शर्मा





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने सामान्य चिकित्सालय में पेन एंड पैलियेटिव केयर क्लिनिक का फीता काटकर लोकार्पण किया। वन राज्य मंत्री शर्मा ने कहा कि आमजन को बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा अगुवाई में राज्य सरकार ने अपने दोनों बजटों में आमजन के स्वास्थ्य को तरजीही देते हुए चिकित्सा तंत्र को मजबूती प्रदान करने का काम किया है। इसी दिशा में सामान्य अस्पताल में असाध्य रोगों एवं कैंसर से पीडित मरीजों को पेन एवं पैलियेटिव केयर की सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु यह क्लिनिक प्रारम्भ किया गया है जिससे असाध्य बीमारियों से मरीजों की सुविधाओं में विस्तार होने के साथ उन्हें जिला स्तर पर ही बेहतर उपचार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि शिशु वार्ड के उन्नयन के लिए डीएमएफटी फण्ड से 8 करोड रूपये की स्वीकृति जारी की गई है। उन्होंने चिकित्सालय परिसर में अपने दैनिक पौधारोपण करने के संकल्प के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

पीएमओ डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि पेन एंड पैलियेटिव केयर क्लिनिक सुविधा के तहत लाइफ लिमिटिंग इलनेस, हार्ट अटैक, स्ट्रॉक व लकवा, कैंसर, एचआईवी/एडस, किडनी व लंग फेल्योर, स्पाइनल इंजरी जैसी गंभीर व दीर्घकालीक बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। इस दौरान पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, डॉ. के.के शर्मा, डॉ. प्रमोद जैन, डॉ. विजय चौधरी व पुष्पराज शर्मा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं चिकित्सक, चिकित्सालय स्टाफ एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

### अलवर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का सख्त कदम

## कठूमर क्षेत्र की बाल वाहिनियों में सुरक्षा मानकों के घोर उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) के निर्देशों के अनुपालन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर ने शुक्रवार को कठूमर क्षेत्र में स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाली बाल वाहिनियों (स्कूल बसों/वाहनों) के संबंध में एक आकस्मिक और व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। यह महत्वपूर्ण निरीक्षण प्राधिकरण के सचिव, मोहन लाल सोनी की टीम द्वारा किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों के सुरक्षित परिवहन हेतु अनिवार्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करना था। निरीक्षण के दौरान, अरावली क्लासेज, आशा ब्रजभान, विवेकानंद स्कूल, विद्यास्थली स्कूल, जीआईएस स्कूल और जागृति स्कूल, कठूमर से जुड़ी कई बाल वाहिनियों में सुरक्षा नियमों के घोर उल्लंघन की गंभीर कमियां पाई गईं, जिन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सख्त नाराजगी व्यक्त की है। निरीक्षण टीम ने पाया कि कई वाहनों पर बच्चों के परिवहन के लिए अनिवार्य पीला रंग नहीं किया गया था। कुछ वाहनों पर तो गाड़ी का नंबर तक स्पष्ट रूप से अंकित नहीं था। सुरक्षा की दृष्टि से सबसे चिंताजनक यह था कि बच्चों की आकस्मिक सुरक्षा के लिए अति आवश्यक प्राथमिक चिकित्सा पेटी (फर्स्ट एड किट) और अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) जैसे बुनियादी उपकरण भी उपलब्ध नहीं थे। इसके अतिरिक्त, अधिकांश वाहनों में बच्चों की निगरानी और सुरक्षा के लिए जीपीएस सिस्टम भी स्थापित नहीं मिले, और कई वाहनों के आवश्यक कानूनी दस्तावेज (जैसे फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट आदि) मौके पर प्रदर्शित नहीं किए गए। सबसे गंभीर उल्लंघन यह था कि कई बसों में क्षमता से अधिक बच्चे बिठाए गए पाए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर ने इस स्थिति को माननीय सर्वोच्च न्यायालय और रालसा के निर्देशों का सीधा उल्लंघन और बच्चों के जीवन को खतरे में डालने वाला कृत्य माना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, मोहन लाल सोनी ने इस गंभीर अनियमितता पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित स्कूल प्रशासन और वाहन मालिकों को तत्काल प्रभाव से सभी सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता या खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में नियमों का किसी भी प्रकार का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह निरीक्षण अभियान अलवर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्कूली बच्चों के सुरक्षित परिवहन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक दृढ़ और महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## सडक सुरक्षा अभियान के तहत विगत 10 दिनों में सड़क सुरक्षा के 15638 कार्य किए एवं 5771 काटे गए चालान

### जिले में निरंतर की जा रही है सड़क सुरक्षा जागरूकता गतिविधियां



**जयपुर टाइम्स/अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका की मॉनिटरिंग में सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सडक सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ करने हेतु जिले में 4 नवम्बर से 18 नवम्बर तक संचालित सडक सुरक्षा अभियान के तहत विगत 10 दिनों में सड़क सुरक्षा के 15638 कार्य किए एवं 5771 चालान काटे गए। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में प्रदेश में चलाए जा रहे सडक सुरक्षा अभियान के तहत जिले में अभियान के तहत 10 दिनों में 15638 कार्य सम्पादित किए गए एवं 5771 चालान काटे गए हैं, जिसमें सडक निर्माण संस्थाएं द्वारा 208 किमी लम्बाई में पैच मरम्मत कार्य, 254.40 किमी लम्बाई में जंगल सफाई का कार्य, 243.80 किमी लम्बाई में बर्म्स रिपेयर का कार्य, 41 स्पीड ब्रेकर का निर्माण/पेंटिंग कार्य, 103 सेंटर लाइन/ऐज लाइन कार्य, 13 जेबरा क्रांसिंग एवं 50 आई कैट्स लगवाने, 7 अतिक्रमण हटाने, 62 संकेतक बोर्ड लगाने, 6 अवैध कट्स बंद कराने एवं 30 डिवाइडर मरम्मत/पेंटिंग तथा पृथ्वीपुरा गांव में 1 अवैध निर्माण कार्य हटवाने के कार्य कराए गए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 491 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया, प्रतिदिन 7 एम्बेलेंस की उपलब्धता एवं संचालन सुनिश्चित किया गया, 4 लाइसेंस नवीनीकरण हेतु जारी चिकित्सा प्रमाण पत्रों का सत्यापन एवं 206 ओपीडी, 38 आईपीडी, 21 रेफर चिकित्सा सुविधाओं का सत्यापन किया गया। पुलिस विभाग द्वारा 6 चालान बिना रिफलेक्टर एवं नम्बर प्लेट के वाहनों, 2988 चालान बिना हैलमेट के चालकों, 54 चालन ड्रिंक एवं ड्राइव, 460 चालान ओवर स्पीड, 480 चालान बिना सीट बेल्ट, 67 चालान मोबाइल पर वार्ता करने, 35 चालान गलत दिशा/खतरनाक तरीके से वाहन चलाने एवं 873 चालान अन्य कारणों से लापरवाही बरतने पर काटे गए तथा 7997 लोगों को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इसी प्रकार परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग द्वारा 31 चालान ओवर लोडिंग वाहन, 112 चालन अनाधिकृत संचालन, 75 फिटनेस उल्लंघन व विभिन्न अन्य कारणों से 590 चालान काटे गए। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर जन-जागरूकता अभियान चलाकर 2985 लोगों को जागरूक किया गया तथा 1298 वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगाई गई तथा विभिन्न वाहनों की जांच कर चालक/खलासी का सत्यापन किया गया। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर के मुख्य बाजारों में 10 स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई, 841 लाइटों को सही करवाया गया तथा 269 नई लाइट लगाई गई, डोर टू डोर कचरा संग्रहण कर्मचारियों को गीला-सूखा कचरा अलग-अलग संग्रहण करने हेतु समझाईश की गई एवं 75 सडकों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को पकडा गया। श्रम विभाग द्वारा 68 ट्रांसपोर्ट कम्पनियों से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया गया, 195 प्रकरण चालकों के कार्य के घंटे एवं विश्राम समय का सत्यापन किया गया तथा 817 विभिन्न स्थानों पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# प्रदेश भाजपा को आत्म मंथन की जरूरत, कुछ गलतियां जो अंता में पड़ी भारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अंता विधानसभा सीट कांग्रेस की जीत पर प्रदेश की भजनलाल सरकार की सेहत पर कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है अगर भारतीय जनता पार्टी इस सीट पर जीत भी हासिल कर ली थी तो भी भाजपा के लिए ज्यादा खुशी की बात नहीं थी और अब इस सीट पर भाजपा को जो पराजय मिली है उससे प्रदेश सरकार को कोई खतरा भी नहीं है क्योंकि प्रदेश में भजनलाल सरकार के पास निर्धारित बहुमत से भी बहुत ज्यादा बहुमत है लेकिन इस सीट पर चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार का जो माहौल देखने को मिल रहा था उसे देखते हुए यह जरूर कहा जाएगा कि अंता विधानसभा क्षेत्र के मतदाता साइलेंट वोटर हैं उन्हें समझने और परखने के लिए एक्स्ट्रा पॉलिटिकल कौशल की जरूरत है और अब शायद भारतीय जनता पार्टी के रणनीतिकार इस पराजय के कारण भी जानने का प्रयास जरूर करेंगे कि आखिर पिछले 2 साल में भजनलाल सरकार ने हर क्षेत्र में व्यापक स्तर पर विकास कार्य करवाए पानी, बिजली, सड़क,



चिकित्सा, उद्योग, रोजगार, कानून व्यवस्था हर क्षेत्र में सरकार ने शानदार काम किया इसके बावजूद भी अंता विधानसभा क्षेत्र के लोगों का दिल भाजपा के जमीन से जुड़े नेता मोरपाल सुमन के लिए क्यों नहीं पिघला कोई ना कोई वजह और कोई ना कोई ऐसे कारण हैं जो मोरपाल सुमन को विधानसभा का चेहरा नहीं देखने दिया हालांकि कई राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि टिकट फाइनल में भाजपा ने काफी देरी कर दी जबकि प्रमोद जैन भाया और नरेश मीणा ने नामांकन के पहले दिन ही पर्चा भर दिया था इसके बाद चुनाव प्रचार के मैनेजमेंट में भी कहीं ना कहीं जमीनी स्तर पर कमी जरूर रही है एक तरफ प्रमोद जैन भाया इस सीट पर पांचवीं बार चुनाव लड़ रहे थे इसलिए इस सीट पर हर मतदान केंद्र पर उनकी एक अच्छी टीम पहले से ही मतदान और मतदाताओं को लेकर सजक रही तो दूसरी तरफ मोरपाल सुमन पहली बार चुनाव लड़ रहे थे हालांकि मोरपाल सुमन प्रधान भी हैं उनकी पत्नी सरपंच भी हैं लेकिन कहीं ना कहीं उनका चुनावी मैनेजमेंट कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के चुनाव मैनेजमेंट की तरह संपादित नहीं हो पाया हालांकि उनका प्रचार जोर-जोर से चल रहा था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, स्थानीय सांसद दुष्यंत सिंह राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य प्रदेश, भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े कई नेता और पार्टी के कई मौजूदा विधायकों ने प्रचार प्रचार की कमान हाथ में ली हुई थी लेकिन यहां बड़ी बात सामने यह आई है कि भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता कहीं ना कहीं किसी न किसी बात से नाराज थे इसलिए पूरे दिल से उन्होंने चुनाव में सक्रियता नहीं दिखाई इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि यहां पर भाजपा की तरफ से टिकट मांगने वालों की बड़ी लिस्ट थी कई बड़े नेता यहां टिकट की दावेदारी कर रहे थे लेकिन वसुंधरा राजे के कहने पर मोरपाल सुमन को टिकट दिया गया इसलिए कहीं ना कहीं जो नेता टिकट की दौड़ में थे जब उन्हें टिकट नहीं मिला तो शायद उन्होंने भाजपा की जीत के लिए ज्यादा मेहनत नहीं की इसके अलावा पूर्व विधायक कंवरलाल मीणा का आपराधिक मामले में कोर्ट के आदेश पर जेल जाना भी कहीं ना कहीं स्थानीय जनता की नाराजगी का कारण रहा और यह नाराजगी मोरपाल सुमन पर भारी पड़ी कुछ लोग यह भी कहते हैं कि रोड शो के दौरान वसुंधरा राजे जब इस क्षेत्र की समस्याओं को बता रही थी तो यहां पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं को चुनाव प्रचार में यह कहने का मौका मिल गया कि अब से पहले महारानी कहां थी जो आज यहां की समस्याएं मुख्यमंत्री को बता रही हैं कुल मिलाकर देखा जाए तो इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी मजबूत स्थिति में थी लेकिन निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को लेकर भाजपा गंभीर नहीं रही भाजपा के रणनीतिकार और राजनीतिक विश्लेषक यह मान रहे थे कि नरेश मीणा कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के वोट काटेंगे लेकिन मतगणना में जो स्थिति सामने आई है और नरेश मीणा को अच्छी संख्या में मत हासिल हुए हैं इसका सीधा सा मतलब यही निकल रहा है कि नरेश मीणा ने कांग्रेस प्रत्याशी की तुलना में भारतीय जनता पार्टी के अकाउंट में डलने वाले वोट में सेंधमारी की जो मोरपाल सुमन की पराजय का सबसे बड़ा कारण रही पिछले विधानसभा चुनाव में मीणा समाज धाकड़ समाज के वोट ज्यादा कंवरलाल मीणा को मिले थे लेकिन इन उपचुनाव में कहीं ना कहीं मीणा समाज और धाकड़ समाज के वोट भाजपा प्रत्याशी को ना मिलकर नरेश मीणा को ज्यादा मिले जिसकी वजह से भाजपा को यहां पराजय का मुंह देखना पड़ा इसलिए नरेश मीणा के फैक्टर को भी भाजपा के रणनीतिकारों को गंभीरता से लेना चाहिए था लेकिन उन्होंने जातिगत वोट के समीकरण को समझने में चूक कर दी राजनीतिक विश्लेषक यह भी मानते हैं कि उम्मीदवार चयन में देरी करना भाजपा के लिए ठीक नहीं रहा जितनी ज्यादा उम्मीदवार चयन में देरी की जाती है उतनी ही ज्यादा पार्टी में भीतर घाट की स्थिति बनती है इसलिए शुरू में ही कांग्रेस की तरह प्रत्याशी की घोषणा कर दी जाती और फिर नाराज नेताओं को ठीक तरह से हैंडल कर दिया जाता तो पार्टी कैंडिडेट मोरपाल सुमन के लिए अच्छा रहता मोरपाल सुमन को पहले ही उम्मीदवार घोषित कर दिया जाता और फिर नाराज नेताओं को अच्छी तरह से समझा दिया जाता और उनकी नाराजगी दूर कर दी जाती तो इस तरह से भाजपा को इस सीट पर पराजय नहीं देखनी पड़ती कारण तो और भी बहुत हैं इन सब कारण से भाजपा की रणनीतिकार भी वाकिफ हो गए होंगे इसलिए जो गलती उपचुनाव में भाजपा के रणनीतिकारों की ओर से की गई वह गलती उनकी ओर से भविष्य में ना हो उन्हें अब इस दिशा में आगे काम करने की जरूरत है

# सरकार के विकास कार्यों को ठीक तरह से प्रचारित नहीं कर सके, त्रुटियों को भी दूर करेंगे : मदन राठौड़

### अंता विधानसभा क्षेत्र में हार की पूरी जिम्मेदारी मेरी, पराजय की करेंगे समीक्षा बिहार में जनता ने विकास कार्यों पर मोहर लगाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अंता विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी की पराजय के बाद राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रदेश में संगठन का मुखिया होने के नाते पराजय की पूरी जिम्मेवारी उनकी खुद की है इस पराजय की जिम्मेदारी मेरी है और हम हार के वजह की समीक्षा करेंगे और जो भी कोई बात सामने आएगी निश्चित रूप से उस पर कार्रवाई भी करेंगे मदन राठौड़ ने स्वीकार किया कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने व्यापक तौर पर जो विकास कार्य



करवाए उन्हें हम ठीक तरह से जनता में प्रचारित प्रसारित नहीं कर पाए हम अंता विधानसभा क्षेत्र के लोगों को भी सरकार के कामों के बारे में सही जानकारी नहीं दे पाए । उन्होंने कहा कि हम चाहते थे अंता विधानसभा क्षेत्र में ईमानदार व्यक्ति विधायक बने हम चाहते थे वहां कर्मठ और जनता के बीच रहने वाला व्यक्ति विधायक बने हम चाहते थे वहां निष्कलंक और भ्रष्टाचार विरोधी व्यक्ति विधायक बने लेकिन ऐसा हो नहीं पाया फिर भी जनता का आदेश और जनादेश उन्हें मंजूर है कुछ गलतियां और त्रुटियां हुई हैं उन्हें दूर भी करेंगे। पराजय क्यों मिली इसके लिए भी सब बैठकर बातचीत करेंगे और सामूहिक बातचीत और मंथन में जो बात निकाल कर सामने आएगी उस पर निश्चित तौर पर आगे कार्रवाई भी करेंगे मदन राठौड़ ने कहा कि वैसे तो प्रदेश सरकार के और केंद्र सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मेहनत की लेकिन ऐसा लगता है की सरकार के कार्यों का जिस तरह से जनता में प्रचार प्रचार होना चाहिए वैसा संदेश जनता में सरकार को लेकर नहीं दिया गया इसके लिए अब आगे तैयारी के साथ जनता के बीच जाएंगे। मदन राठौड़ ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान निर्वाचित हुए प्रमोद जैन भैया को जीत की बधाई दी और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रमोद जैन भाया क्षेत्र के लोगों के लिए काम करेंगे एक अन्य सवाल के जवाब में मदन राठौड़ ने कहा कि बिहार में बिहार की जनता ने सरकार के विकास कार्यों पर मोहर लगा दी है बिहार में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव दोनों मिलकर चुनाव आयोग पर कई तरह के एलिगेशन लगा रहे थे वोट चोरी को लेकर हाय तौबा मचा रहे थे बिहार में मतदाता शुद्धिकरण के कार्यों पर उंगली उठा रहे थे उन तमाम बातों पर बिहार की जनता ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को आइना दिखा दिया है। एक ऐतिहासिक सफलता वहां पर भारतीय जनता पार्टी और एनडीए ने हासिल की है उन्होंने कहा कि लालू यादव और उनके परिवार के भ्रष्टाचार को राहुल गांधी ने गले लगाया और उनके साथ नई जोड़ी बनाकर चुनाव लड़े लेकिन उनके इन सारे हथकंडों और प्रयासों पर बिहार की जनता ने पूरी तरह से पानी फेर दिया उन्होंने कहा कि बिहार में विकास के नाम पर लोगों ने वोट किया है नीतीश कुमार की सरकार ने वहां पर व्यापक तौर पर विकास कार्य करवाए । केंद्र की मोदी सरकार ने हजारों करोड़ों रुपए के विकास कार्य की सौगात बिहार की जनता को दी उसी का नतीजा है कि बिहार आज हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसी वजह से बिहार की जनता ने एनडीए को फिर से सरकार बनाने का मौका दिया है । मदन राठौड़ ने कहा कि राहुल गांधी पहले ईवीएम मशीन को लेकर पूरे देश में हो हल्ला करते थे जहां पर कांग्रेस पार्टी जीत जाती है वहां पर वे कुछ नहीं बोलते और जहां पर कांग्रेस पार्टी हार जाती है वहां पर उनकी ईवीएम मशीन खराब हो जाती थी अब राहुल गांधी ईवीएम मशीन को भूल गए हैं और हाथ धोकर संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग के पीछे पड़े हुए हैं वोट चोरी जैसे तर्कहीन और गलत तथ्यों के आधार पर लोगों को गुमराह करने का प्रयास करते हैं लेकिन लोग काफी समझदार हैं और यह समझदारी बिहार के लोगों ने दिखा दी है शायद और राहुल गांधी को सद्बुद्धि आ जाएगी।

## नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्रवाई

### 32 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 14 केन्टर सामान जब्त

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में लालकोठी मण्डी, किसान भवन, 200 फीट बाईपास एवं जनपथ, बड़ी चौपड़ खंदा, छोटी चौपड़, चांदपोल बाजार, अजमेर रोड़, श्याम नगर से 200 फीट बाईपास चौराहा तक, चांदी की टकसाल, जौरावर सिंह गेट, ब्रह्मपुरी पुराना रामगढ़ मोड़, जलमहल, पुरानी चुंगी दिल्ली बाईपास से मानबाग चौराहा, खोले के हनुमान जी, ईदगाह रोड़, गलता गेट, सूरजपोल बाजार, रामगंज चौपड़, रामगंज बाजार तक अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 32 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 14 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में लालकोठी मण्डी, किसान भवन, 200 फीट बाईपास एवं जनपथ, बड़ी चौपड़ खंदा, छोटी चौपड़, चांदपोल बाजार, अजमेर रोड़, श्याम नगर से 200 फीट बाईपास चौराहा तक, चांदी की टकसाल, जौरावर सिंह गेट, ब्रह्मपुरी पुराना रामगढ़ मोड़, जलमहल, पुरानी चुंगी दिल्ली बाईपास से मानबाग चौराहा, खोले के हनुमान जी, ईदगाह रोड़, गलता गेट, सूरजपोल बाजार, रामगंज चौपड़, रामगंज बाजार तक अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 14 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 32 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# टेस्ट में भजनलाल सरकार फेल, 2028 का चुनाव शानदार ढंग से जीतेंगे: डोटासरा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अंता विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की जीत के बाद प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया। इस संवाददाता सम्मेलन में डोटासरा ने जोर देकर कहा कि अंत विधानसभा सीट का उपचुनाव प्रदेश की भजनलाल सरकार का एक तरीके से टेस्ट था जिसमें सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है अब यह बिल्कुल तय है कि प्रदेश की जनता का पर्ची सरकार से भरोसा उठ गया है पर्ची सरकार की पोल खुल गई है और आगामी 2028 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को शानदार तरीके से जीत दर्ज करवाने के लिए प्रदेश की जनता बिल्कुल तैयार बैठी है । उन्होंने कहा कि अंता विधानसभा सीट पर कांग्रेस पार्टी की जीत के बाद यह तय हो गया है कि प्रदेश की पिछली गहलोत सरकार के अच्छे कार्यों पर जनता ने मोहर लगाई है पिछले 2 साल में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने कुछ भी कार्य नहीं किया बल्कि पिछली सरकार की योजनाओं को बंद कर दिया मुख्यमंत्री सिर्फ दिल्ली दौरे में व्यस्त रहे और दिल्ली के नेताओं को खुश करते रहे उन्होंने प्रदेश की जनता की तकलीफों और समस्याओं को सुलझाने के लिए कुछ भी कार्य नहीं किया। उसी का खामियाजा प्रदेश की भजनलाल सरकार को अंता विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भुगतने को मिला।डोटासरा ने अन्ता विधानसभा क्षेत्र में सम्पन्न हुए उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के भारी मतों से विजयी होने पर क्षेत्र की जनता को धन्यवाद एवं बधाई देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष



गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि अन्ता विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में जीत के लिए कांग्रेस पार्टी के समस्त नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अथक प्रयास किया था। और केन्द्र व राज्य में भाजपा सरकारों के कुशासन को आमजन के बीच उजागर करने का कार्य किया जिस कारण अन्ता के मतदाताओं ने भाजपा के कुशासन के विरूद्ध और कांग्रेस की विचारधारा एवं नीतियों के समर्थन में मतदान कर कांग्रेस पार्टी को भारी मतों से विजयी बनाया है। डोटासरा ने कहा कि अन्ता विधानसभा क्षेत्र का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण था जो कि आगामी 2028 में होने वाले आमचुनावों का प्रतिबिम्ब है क्योंकि अन्ता के मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी की पर्ची सरकार के कुशासन को नकार दिया है और कांग्रेस सरकार के शासन में जो जनकल्याणकारी और जनहितैषी योजनाएं लागू हुई थी जिससे आम आदमी लाभान्वित हुआ था,उस का समर्थन किया है। भारतीय जनता पार्टी ने जनभावनाओं के विपरीत केन्द्र से पर्ची भेज कर प्रदेश में शासन चलाने का कार्य किया है। जिस कारण पूरे प्रदेश का विकास एवं जनकल्याण ठप्प हो गया है। जिस प्रकार गुजरात मॉडल अपनाकर प्रदेशभर में गुजरात से आए हुए लोग भ्रष्टाचार कर औने-पौने दामों पर सरकारी ठेके ले रहे हैं और व्यापार कर रहे है। भाजपा से जुड़े हुए लोगों का इसमें कमीशन व भागीदारी है इस मॉडल को अन्ता की जनता ने समझकर भाजपा के भ्रष्टाचार एवं कुशासन को नकारते हुए कांग्रेस की नीतियों के समर्थन में मोहर लगायी है। भाजपा के नेता झूठे बोलते हैं ।प्रदेशवासियों को बरगलाते हैं और भ्रमित करते हैं लेकिन जनता की सेवा नहीं करते है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते कांग्रेस के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए योगदान के लिए आभार प्रकट किया और अन्ता विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं का धन्यवाद देते हुए प्रदेशवासियों को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी आमजन की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हुए सभी कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता प्रदेशवासियों के दुख और तकलीफों में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का पूरा मंत्रिमण्डल, पूर्व मुख्यमंत्री एवं मुख्यमंत्री अन्ता विधानसभा क्षेत्र में अपने प्रत्याशी को जिताने में लगे हुए थे, सरकारी मशीनरी एवं धन-बल का बड़े पैमाने पर दुरूपयोग किया गया लेकिन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बहुत ही धैर्यपूर्वक क्षेत्र में कांग्रेस के प्रचार पर ध्यान केन्द्रित रखा जिस कारण भारी अंतर से कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है तथा प्रदेश की जनता कांग्रेस की नीतियों एवं विजन पर विश्वास कर रही है।

# बिहार की जनता का एनडीए की प्रचंड विजय के साथ मोदी-नीतीश पर भरोसा बरकरार, बुनियादी विकास के लिए जंगलराज को नकारा; डॉ. सतीश पूनियां

### बिहार के जन-जन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मजबूत भरोसे के साथ विजय का आशीर्वाद दिया; डॉ. पूनियां

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियाँ ने हरियाणा प्रवास पर झज्जर व बहादुरगढ़ में मीडिया से बातचीत में कहा कि बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार ने बिहार में विकास को एक नई रफ्तार दी, बिहार की जनता ने एनडीए को प्रचंड बहुमत का आशीर्वाद दिया है, यह जनादेश बिहार में कानून-व्यवस्था की दुरुस्ती के लिए, विकसित बिहार के लिये है। उन्होंने कहा कि, बिहार की जनता ने बुनियादी विकास के लिए जंगलराज को नकारा और जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मजबूत



भरोसे के साथ एनडीए की प्रचंड विजय का आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि, विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत एवं कुशल नेतृत्व में देश में बुनियादी विकास से लेकर वैचारिक मुददों का समाधान हुआ है, आमजन, किसान, मातृशक्ति की तरक्की के रास्ते खुले हैं, वहीं बिहार में नीतीश कुमार ने एनडीए सरकार के सुशासन से आमजन, बहन बेटियों और किसानों को सशक्त करने का कार्य किया। पूनियां ने कहा कि, मोदी सरकार के साहसिक निर्णय व अथक परिश्रम से कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निस्तारण से लेकर अयोध्या में भगवान राम मंदिर के निर्माण से भारत का स्वाभिमान पूरी दुनिया में बढ़ा है। केंद्र की मोदी सरकार देश में सभी सेक्टर्स की मजबूती से लेकर सभी वर्गों के उत्थान के लिये 11 वर्षों से कार्य कर रही है, जिससे बिहार से लेकर पूरे देश में विकास की राजनीति को जनता का समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है, विकास के लिये जनता की पसंद मोदी और भाजपा-एनडीए है, जिन पर जनता का भरोसा निरंतर मजबूत हो रहा है। उल्लेखनीय है कि, भाजपा केंद्रीय के निर्देश पर सतीश पूनियां ने बिहार विधानसभा चुनाव में नवादा लोकसभा क्षेत्र व आसपास की सीटों पर लगभग 15 दिन तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक सफल रैली के आयोजन से लेकर चुनाव प्रबंधन को लेकर माइक्रो मैनेजमेंट पर कार्य किया, जहां नवादा लोकसभा की 6 सीटों में 5 विधानसभा सीटों पर एनडीए ने जीत दर्ज की है, जहां पिछली बार एनडीए के पास एक सीट थी। नवादा लोकसभा क्षेत्र की 6 विधानसभा सीटों पर 5 एनडीए ने जीती हैं, जिनमें बरबीघा, राजौली हिसुआ, नवादा, गोविंदपुर इन 5 सीटों पर एनडीए ने विजय हासिल की है, वहीं वारिसलीगंज सीट पर हार का सामना करना पड़ा।

# एसीबी ने डॉक्टर को 370000 रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा, फार्मासिस्ट की नौकरी दिलाने के बदले मांगी रिश्वत

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। भ्रष्टाचार निरोधक वीरों की टीम ने शुक्रवार को प्रदेश के जोधपुर जिले के बिलाड़ा में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए ट्रॉमा सेंटर के चिकित्सा अधिकारी बुधराज विश्नोई को 370000 की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है एसीबी की टीम बिश्नोई के विभिन्न ठिकानों पर सर्च अभियान को अंजाम दे रही है एसीबी के अधिकारियों को संदेह है कि गिरफ्तार डॉक्टर बिना पैसा लिए दिए कोई काम नहीं कर रहा था इसलिए उसकी ओर से निपटाए गए सभी तरह के पत्रावलियों और दस्तावेजों की जांच की जा रही है ।डॉक्टर के अलग-अलग ठिकानों पर एसीबी का सर्च अभियान खबर लिखे जाने तक जारी था भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त बुधराज विश्नोई भीलवाड़ा में ट्रॉमा सेंटर का चिकित्सा अधिकारी है जिसने परिवादी के भाई को फार्मासिस्ट की नौकरी दिलवाने के बदले तीन लाख रुपए की रिश्वत और उसके दोस्त को सफाई कर्मी की नौकरी दिलाने के बदले 50000 से 1 लाख रुपए की रिश्वत मांग रहा है परिवादी की इस शिकायत का भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सत्यापन करवाया

# अशोक चांदना के बेस्ट चुनावी प्रबंधन ने भाया की जीत के रास्ते को बनाया आसान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अंता विधानसभा सीट पर कांग्रेस पार्टी को मिली सफलता में पूर्व मंत्री और विधायक अशोक चांदना की भी बड़ी भूमिका मानी जा रही है प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने चांदना की राजनीतिक



कुशलता और उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें इस सीट पर कांग्रेस पार्टी के चुनावी प्रबंधन की बड़ी जिम्मेदारी दी थी जो नतीजे सामने आए उसके बाद उसके बाद कांग्रेस पार्टी की इस जीत में कहीं ना कहीं अशोक चांदना की मेहनत और उनके प्रबंधन को भी वजह माना जा रहा है कारण यह है कि प्रदेश कांग्रेस की ओर से जिम्मेवारी निर्धारित करने के दिन से ही चांदना ने अंता विधानसभा क्षेत्र में अपना डेरा जमा लिया था वैसे चंदना हाडोती आंचल से ही ताल्लुक रखते हैं और पूर्व में राजस्थान युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं गहलोत सरकार में मंत्री रह चुके हैं वर्तमान में विधायक भी हैं और उनके पास युवाओं की एक बड़ी टीम भी है ।इसलिए उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया की जीत को सुनिश्चित करने के लिए पहले दिन से ही अपने राजनीतिक चातुर्य और युवाओं की एक बड़ी टीम के दम पर उन्होंने पूरे विधानसभा क्षेत्र में हर मतदान स्तर पर कांग्रेस पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की और जिम्मेदारी भी उन्हें दी गई हालांकि प्रमोद जैन भाया इस इलाके से तीन बार विधायक पहले ही रह चुके थे पांचवीं बार चुनाव लड़ रहे थे। इसलिए उनके पास पहले से भी हर बूथ स्तर पर अच्छी तैयारी थी लेकिन इन तैयारी को और भी मजबूत कर रहे हैं और मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के अलावा मतदाताओं को अंतिम समय तक कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में वोट डालने जैसे विषय पर पूरा फोकस रखने के लिए चांदना ने हर मतदान केंद्र पर तैनात कांग्रेस जनों को निर्देशित किया था। जानकार लोगों का कहना है कि एक तरफ भारतीय जनता पार्टी का चुनाव प्रचार खुले में जोरदार तरीके से नजर आ रहा था तो दूसरी तरफ अशोक चांदना की अगवाई में कांग्रेस पार्टी के चुनावी प्रबंधन का कार्य चुपचाप हर मतदान स्तर पर बेहतर ढंग से संपादित किया जा रहा था। कांग्रेस पार्टी के प्रचार में जुटे नेता चुपचाप गांव-गांव जाकर मतदाताओं का समर्थन हासिल करने का प्रयास कर रहे थे भाजपा रोड शो और बड़ी-बड़ी सभाओं के माध्यम से पार्टी का माहौल बनाने का प्रयास करती रही तो दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी का चुनावी मैनेजमेंट चुपचाप धरातल पर काम करता रहा जो ओपन में नहीं दिख रहा था लेकिन अंदरूनी तौर पर कांग्रेस पार्टी की शानदार तैयारी संपादित होती रही जिसकी वजह से प्रमोद जैन भाया की जीत के रास्ते आसान बने।अंता विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी एक अलग ही रणनीति के आधार पर चुनावी प्रबंधन के कार्य को तत्परता से आगे बढ़ा रही थी तो भाजपा के रणनीतिकार और कॉन्फिडेंट और बड़े नेताओं के दम पर भाजपा की जीत को सुनिश्चित मान रहे थे। भाजपा के रणनीतिकार कांग्रेस पार्टी के चुनाव मैनेजमेंट को ठीक तरह से समझ नहीं पाए और जातिगत समीकरणों को भी समझने में कहीं ना कहीं पीछे रहे दूसरी तरफ अशोक चांदना जो हाडोती आंचल की राजनीति को अच्छी तरह से समझते हैं हाडोती के साइलेंट मतदाताओं के दिल में क्या है इस बात को भी अशोक चांदना अच्छी तरह से समझते थे इसीलिए उन्होंने अंता विधानसभा क्षेत्र के साइलेंट मतदाताओं का समर्थन और विश्वास हासिल करने के लिए इन चुनाव में नई रणनीति के आधार पर चुनावी प्रबंधन को अंजाम दिया जिसमें उन्हें सफलता भी मिली राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि नरेश मीणा को सामने देखकर डोटासरा ने चतुराई दिखाते हुए अशोक चांदना को चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी दी उनकी यह रणनीति और सोच सफल भी साबित हुई क्योंकि अशोक चांदना कांग्रेस पार्टी की युवा ब्रिगेड में तो लोकप्रिय नेता हैं ही इसके अलावा गुर्जर समाज से भी ताल्लुक रखते हैं गुर्जर समाज के भी इस सीट पर 10 से 15000 के बीच मतदाता हैं इसके अलावा चांदना की पकड़ हाडोती आंचल में हर जाति और बिरादरी के लोगों पर है इसका फायदा उन्हें चुनावी मैनेजमेंट के कार्य में भी मिला जिसकी वजह से हर मतदान केंद्र पर अच्छी व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक अंजाम देने में वे काफी सफल रहे जो कहीं ना कहीं प्रमोद जैन भाया की जीत का बड़ा कारण रहा ।

# शीघ्र लागू की जाएं चारों श्रम संहिताएं

*पहले न्यूनतम वेतन केवल निर्धारित व्यवसायों तक ही सीमित था, लेकिन अब इसे सभी क्षेत्रों और संगठित और असंगठित के समस्त श्रमिकों पर लागू कर दिया गया है। यह न्यूनतम वेतन का सार्वभौमीकरण श्रमिकों को कानूनी रूप से बुनियादी वेतन का अधिकार देता है। इसके साथ ही पहली बार एक राष्ट्रीय आधार वेतन (फ्लोर वेज) की व्यवस्था की गई है, जिसे केंद्र सरकार जीवन स्तर और क्षेत्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर तय करेगी। कोई भी राज्य इससे कम न्यूनतम वेतन नहीं तय कर सकेगा। इससे राज्यों के बीच वेतन असमानता भी घटेगी और देशभर के श्रमिकों को समान अवसर मिलेगा। संहिता यह भी सुनिश्चित करती है कि वेतन की समीक्षा नियमित रूप से हो, ताकि बदलती आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप श्रमिकों की आय प्रासंगिक बनी रहे। इस संहिता के तहत विवादों में प्रमाण प्रस्तुत करने का भार नियोक्ता पर होगा, जिससे उनकी जवाबदेही बढ़ेगी। सामाजिक सुरक्षा संहिता,*



भारत के कार्यबल को ऐसे औपचारिक रोजगार में तेजी से जगह मिलनी चाहिए, जहां उचित वेतन और व्यापक सामाजिक सुरक्षा मिले, जिससे विकास के लाभ से सभी को सुरक्षित और सम्मानजनक आजीविका प्राप्त हो। पुराने श्रम नियमों के बने रहने से गुणवत्तापूर्ण रोजगार देने की उद्यमों की क्षमता आंशिक रूप से प्रभावित हुई। इसी के आलोक में राष्ट्रीय श्रम आयोग ने श्रम सुधारों की जो कल्पना की, वह काफी समय से लंबित थी। इन्हें 2019 और 2020 के बीच संसद द्वारा चार श्रम संहिताओं के रूप में पारित किया गया। ये संहिताएं देश के श्रम परिदृश्य को आधुनिक बनाने और संरचनात्मक असंतुलनों को दूर करने के लिए एक व्यापक ढांचा प्रदान करती हैं। दशकों पुराने 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को सरल और आधुनिक बनाते हुए चार नई श्रम संहिताओं के निर्माण का उद्देश्य न केवल कानूनों को एकीकृत स्वरूप प्रदान करना है, बल्कि काम को अधिक निष्पक्ष, सुरक्षित और उत्पादक बनाना है। मजदूरी संहिता, 2019 यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है कि प्रत्येक श्रमिक को श्रम की गरिमा का सम्मान करने वाला न्यूनतम वेतन मिले। पहले न्यूनतम वेतन केवल निर्धारित व्यवसायों तक ही सीमित था, लेकिन अब इसे सभी क्षेत्रों और संगठित और असंगठित के समस्त श्रमिकों पर लागू कर दिया गया है। यह न्यूनतम वेतन का सार्वभौमीकरण श्रमिकों को कानूनी रूप से बुनियादी वेतन का अधिकार देता है। इसके साथ ही पहली बार एक राष्ट्रीय आधार वेतन (फ्लोर वेज) की व्यवस्था की गई है, जिसे केंद्र सरकार जीवन स्तर और क्षेत्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर तय करेगी। कोई भी राज्य इससे कम न्यूनतम वेतन नहीं तय कर सकेगा। इससे राज्यों के बीच वेतन असमानता भी घटेगी और देशभर के श्रमिकों को समान अवसर मिलेगा। संहिता यह भी सुनिश्चित करती है कि वेतन की समीक्षा नियमित रूप से हो, ताकि बदलती आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप श्रमिकों की आय प्रासंगिक बनी रहे। इस संहिता के तहत विवादों में प्रमाण प्रस्तुत करने का भार नियोक्ता पर होगा, जिससे उनकी जवाबदेही बढ़ेगी। सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 स्वतंत्र भारत में जन कल्याण के सबसे समावेशी विस्तारों में से एक है। कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम और प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम सहित नौ प्रमुख कानूनों को मिला कर यह एक एकीकृत प्रणाली स्थापित करती है, जो पारंपरिक और नए, दोनों प्रकार के कार्यों को कवर करती है। पहली बार गिग श्रमिकों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को राष्ट्रीय कार्यबल का हिस्सा माना गया है। प्रत्येक श्रमिक को पंजीकृत किया जाएगा, उसे एक विशिष्ट सामाजिक सुरक्षा संख्या जारी की जाएगी, जिससे स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और मातृत्व सहायता जैसे लाभ का सीधा वितरण संभव हो सकेगा। व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशाएं संहिता, 2020 राष्ट्र का निर्माण करने वालों के प्रति देखभाल और जिम्मेदारी का एक संदेश है। प्रतिष्ठान की परिभाषा को व्यापक बनाकर यह संहिता उन लाखों लोगों को सुरक्षा प्रदान करती है, जो पहले सुरक्षा कानूनों के दायरे में नहीं आते थे। प्रत्येक कर्मचारी को अनिवार्य रूप से निर्धारित प्रारूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा, जिसमें कर्मचारी का विवरण, पदनाम, श्रेणी, वेतन का ब्यौरा तथा सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विवरण सम्मिलित होंगे। व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशाएं संहिता, 2020 श्रमिकों के लिए निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच अनिवार्य करती है और नियोक्ताओं से अपेक्षा करती है कि वे इस मद में कर्मचारियों पर कोई वित्तीय बोझ न डालें और सुरक्षित एवं स्वच्छ कार्यस्थल बनाए रखें। यह संहिता लैंगिक समानता की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रगति करती है। यह महिला श्रमिकों को सभी प्रतिष्ठानों और रात्रि पाली में काम करने की अनुमति देती है। औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 तीन पुराने अधिनियमों को एकीकृत ढांचे में मिला करके नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच संबंधों में स्पष्टता लाती है। इसमें बीस या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों को शिकायत निवारण समितियां गठित करने का प्रविधान है, ताकि विवादों का शीघ्रता से समाधान हो जाए तथा हड़ताल या मुकदमेबाजी की स्थिति न बने। इस संहिता के तहत छंटनी का सामना कर रहे श्रमिक अब 30 दिन का नोटिस और पर्याप्त मुआवजा पाने के हकदार हैं। यह एक मानवीय सुधार है, जो आजीविका सुरक्षा का सम्मान करता है। विभिन्न विकासशील देशों के उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि श्रम सुधारों ने उनकी आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बदलती वैश्विक आर्थिक परिस्थिति, बढ़ते टैरिफ तथा व्यापार ढांचों में बदलाव को देखते हुए भारत में नई श्रम संहिताओं को जल्द से जल्द लागू करना अत्यंत आवश्यक है। श्रम नियम सरल एवं पारदर्शी होने पर निवेश बढ़ेगा, औपचारिक रोजगार बढ़ेगा तथा श्रमिकों के गरिमापूर्ण अधिकार सुनिश्चित होंगे।


सम्पादकीय

## जलवायु संकट की भयावह तस्वीर - भारत में तीन दशक में 80 हजार जानें गईं



एक तरफ जलवायु परिवर्तन से उपजा संकट लगातार बढ़ रहा है, तो दूसरी ओर इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयासों की गति धीमी पड़ रही है। दुनिया भर में हो रहे नए-नए अध्ययन और वैज्ञानिक शोध चेतावनी देते रहे हैं कि अगर समय रहते इस दिशा में प्रभावी उपाय नहीं किए गए, तो निकट भविष्य में इसके परिणाम भयावह हो सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों से जलवायु परिवर्तन का भारत समेत पूरी दुनिया में प्रभाव साफ दिखने लगा है। ब्राजील के बेलेम में आयोजित काप 30 सम्मेलन में बुधवार को जारी 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' की रपट में कहा गया है कि जलवायु आपदाओं से सबसे अधिक प्रभावित देशों में भारत नौवें स्थान पर है। पिछले तीन दशकों में देश में जलवायु आपदाओं के कारण करीब अस्सी हजार लोगों की जान जा चुकी है। सरकार की ओर से इस संकट से निपटने को लेकर किए जा रहे दावों के बीच ये आंकड़े वास्तव में चिंताजनक है। इससे एक बात तो स्पष्ट है कि सरकारी प्रयासों को अभी और व्यापक करने तथा उन्हें गति देने की जरूरत है। रपट के मुताबिक, जलवायु आपदाओं से वर्ष 1995 से 2024 तक लगभग 170 अरब अमेरिकी डालर का आर्थिक नुकसान हुआ है। जान-माल का सबसे ज्यादा नुकसान बाढ़, चक्रवात, सूखा और तेज गर्मी के कारण हुआ है। इसके पीछे बढ़ता वैश्विक ताप भी एक बड़ा कारक है, जो जलवायु परिवर्तन का ही नतीजा है। भारत में यह स्थिति निरंतर खतरे का संकेत दे रही है, क्योंकि बार-बार होने वाली मौसमी आपदाओं से जहां विकास की गति कमजोर होती है, वहीं आम लोगों की आजीविका भी प्रभावित होती है। रपट में कहा गया है कि पिछले वर्ष भारत में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से अस्सी लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। हालांकि, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने, कार्बन उत्सर्जन कम करने और वन आवरण बढ़ाने जैसे कई कदम उठाए हैं, लेकिन इन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से अमल में लाने की जरूरत है। अगर वैश्विक स्तर पर बात करें, तो पिछले तीन दशकों में नौ हजार से अधिक मौसमी आपदाओं ने आठ लाख से ज्यादा लोगों की जिंदगी लील ली है। यह बात छिपी नहीं है कि जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर उन्हीं विकासशील देशों को झेलना पड़ रहा है, जिनकी वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में भागीदारी सबसे कम है। विकासशील देश कमजोर सहन क्षमता और अनुकूलन के सीमित संसाधनों के कारण ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। भारत सहित कई विकासशील देशों में जलवायु आपदाएं सामान्य स्थिति बनती जा रही हैं, जिसके लिए तत्काल और व्यापक वित्त पोषित अनुकूलन उपायों की जरूरत है। यह जगजाहिर है कि कार्बन उत्सर्जन के मामले में विकसित देशों का योगदान सबसे ज्यादा है, इसलिए अनुकूलन उपायों को लेकर उनकी जिम्मेदारी भी अधिक होनी चाहिए। उनकी भूमिका सिर्फ वित्तीय सहायता और तकनीकी सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कार्बन उत्सर्जन में कमी और कमजोर देशों के अनुकूलन प्रयासों का समर्थन करना भी शामिल है।

## सेना के संपूर्ण कब्जे में पाकिस्तान



बीते दिनों पाकिस्तानी संसद ने सैन्य कमांड संरचना और न्यायिक ढांचे में व्यापक बदलाव के लिए 27वां संवैधानिक संशोधन विधेयक पारित किया। इस विधेयक में अन्य बदलावों के अलावा संविधान के अनुच्छेद 243 को फिर से लिखा गया है। इसमें सशस्त्र बलों के चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज का पद स्थापित किया गया है और ज्वाइंट चीफ्स आफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष का पद समाप्त कर दिया गया है। यह विधेयक इसलिए पारित हो गया, क्योंकि राष्ट्रीय असेंबली यानी संसद के निचले सदन में सत्तारूढ़ गठबंधन के पास बहुमत था और उच्च सदन यानी सीनेट में विपक्ष ने बहिष्कार कर दिया। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह विधेयक कानून बन जाएगा। पाकिस्तान के इतिहास में अनुच्छेद 243 में पांच बार संशोधन किया गया है। 1973 के मूल संविधान में कहा गया था कि संघीय सरकार के पास सशस्त्र बलों का नियंत्रण और कमान होगी। जनरल ज़िया-उल-हक ने इसे संशोधित कर कहा कि सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमान राष्ट्रपति को सौंपी जाएगी। ऐसा कर नागरिक सरकार से सैन्य नियंत्रण को स्थानांतरित कर दिया गया। 1997 में प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने इसे पलटते हुए सशस्त्र बलों का नियंत्रण संघीय सरकार और संसद को बहाल किया। जनरल परवेज़ मुशर्रफ ने 2002 में इसे फिर पलट दिया और राष्ट्रपति का प्रभुत्व बहाल किया। 2010 में 18वें संशोधन के तहत एक बार फिर बदलाव हुआ, जिसमें राष्ट्रपति के पद को सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में बनाए रखा गया, लेकिन वास्तविक अधिकार संघीय सरकार को सौंपे गए। अनुच्छेद 243 में प्रस्तावित परिवर्तन के तहत सेना प्रमुख को चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज के रूप में मान्यता दी जा रही है और ज्वाइंट चीफ्स आफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष का पद समाप्त किया जा रहा है। यह बदलाव चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज यानी सेना प्रमुख को पाकिस्तान की सशस्त्र सेवाओं का सर्वोच्च अधिकारी बना देगा। इस विधेयक में राष्ट्रीय रणनीतिक कमान के कमांडर का पद स्थापित करने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त उन अधिकारियों को व्यापक लाभ प्रदान करने की व्यवस्था है, जिन्हें फाइव-स्टार रैंक में पदोन्नत किया जाएगा, जैसे फील्ड मार्शल, एयर फोर्स के मार्शल या एडमिरल आफ द फ्लीट। संविधान संशोधन के तहत राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सलाह पर सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रमुखों की नियुक्ति करेंगे, जबकि सेना प्रमुख चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय रणनीतिक कमान का कमांडर भी प्रधानमंत्री द्वारा सेना प्रमुख की सिफारिश पर नियुक्त किया जाएगा और उसे सेना से ही चुना जाएगा। वह पाकिस्तान के परमाणु और रणनीतिक संसाधनों की देखरेख करेगा। एक अलग प्रविधान के तहत, जिन अधिकारियों को फाइव-स्टार रैंक में पदोन्नत किया जाएगा, उन्हें आजीवन संवैधानिक सुरक्षा मिलेगी। ये अधिकारी रैंक, विशेषाधिकार और यूनिफार्म जीवनभर बनाए रखेंगे और उन्हें केवल राष्ट्रपति के समान एक महाभियोग प्रक्रिया के माध्यम से ही हटाया जा सकेगा। संविधान संशोधन विधेयक पर विपक्षी दलों और नागरिक अधिकार समूहों का कहना है कि यह सेना के पक्ष में सत्ता का संतुलन और अधिक बढ़ाएगा, जबकि नागरिक संस्थाओं के अधिकारों को कमजोर करेगा। 27वें संशोधन विधेयक से न्यायिक ढांचे में भी महत्वपूर्ण बदलाव होंगे। संशोधन के केंद्र में एक नया शीर्ष न्यायालय संघीय संवैधानिक न्यायालय (एफसीसी) है। एफसीसी का अपना एक मुख्य न्यायाधीश होगा, जो तीन साल के निश्चित कार्यकाल के लिए पदासीन होगा और उसकी नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीशों से की जाएगी, जिनके पास कम से कम सात साल का अनुभव होगा या बहुत वरिष्ठ वकील होंगे, जिनके पास 20 साल से अधिक का अनुभव होगा। संविधान संशोधन के बाद मिली शक्तियों के तहत राष्ट्रपति को यह अधिकार होगा कि वे किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को एक उच्च न्यायालय से दूसरे में स्थानांतरित कर सकें। यदि कोई न्यायाधीश इस स्थानांतरण को स्वीकार नहीं करेगा तो उसे स्वतः सेवानिवृत्त माना जाएगा। एफसीसी सुप्रीम कोर्ट के कुछ महत्वपूर्ण अधिकारों को भी संभालेगा। उसके फैसले सभी न्यायालयों, यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट पर भी बाध्यकारी होंगे। एफसीसी संघ और प्रांतों के बीच के साथ प्रांतों के बीच विवादों का निपटारा करने का विशेष अधिकार भी रखेगा।

## समग्र उपायों की अनदेखी

वायु प्रदूषण में वाहन उत्सर्जन और धूल का योगदान पराली से भी अधिक है। बरसात में तो सड़कों एवं निर्माण स्थलों से धूल उड़नी कम हो जाती है, लेकिन वाहन उत्सर्जन बढ़ाने वाला ट्रैफिक जाम वर्ष भर की समस्या है। इसी कारण उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से में सर्दियों के अलावा भी वायु की गुणवत्ता का स्तर खराब बना रहता है। समस्या यह है कि हवा की गुणवत्ता में तनिक सुधार आते ही प्रदूषण रोधी एजेंसियों के साथ सरकारों और सुप्रीम कोर्ट के लिए वायु प्रदूषण कोई समस्या नहीं रह जाता।



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर पंजाब और हरियाणा से पराली जलाने को लेकर की गई कार्रवाई संबंधी जो रिपोर्ट मांगी, उससे कुछ हासिल होने की उम्मीद कम ही है। इसलिए कम है, क्योंकि एक तो इन दोनों राज्यों में पराली करीब-करीब जलाई जा चुकी है और दूसरे वायु प्रदूषण का एक मात्र कारण पराली दहन नहीं है। विभिन्न अध्ययन यह रेखांकित कर चुके हैं कि वायु प्रदूषण के कारणों में पराली दहन के अतिरिक्त वाहनों का उत्सर्जन और सड़कों एवं निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल है। निःसंदेह पराली दहन को रोका ही जाना चाहिए, लेकिन बात तब बनेगी, जब यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि ट्रैफिक जाम के कारण वाहनों से अतिरिक्त विषाक्त उत्सर्जन न हो सके और सड़कों एवं निर्माण स्थलों से धूल के गुबार न उड़ने पाएं। वायु प्रदूषण में वाहन उत्सर्जन और धूल का योगदान पराली से भी अधिक है। बरसात में तो सड़कों एवं निर्माण स्थलों से धूल उड़नी कम हो जाती है, लेकिन वाहन उत्सर्जन बढ़ाने वाला ट्रैफिक जाम वर्ष भर की समस्या है। इसी कारण उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से में सर्दियों के अलावा भी वायु की गुणवत्ता का स्तर खराब बना रहता है। समस्या यह है कि हवा की गुणवत्ता में तनिक सुधार आते ही प्रदूषण रोधी एजेंसियों के साथ सरकारों और सुप्रीम कोर्ट के लिए वायु प्रदूषण कोई समस्या नहीं रह जाता। इसी रवैये के कारण दशकों बाद भी वायु प्रदूषण से छुटकारा नहीं मिल रहा है। कम से कम सुप्रीम कोर्ट को तो यह समझना होगा कि वायु प्रदूषण से मुक्ति तब मिलेगी, जब उससे निपटने के उपाय वर्ष भर किए जाएंगे और प्रदूषण बढ़ाने वाले सभी कारणों के निवारण पर जोर दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट को दिल्ली-एनसीआर के साथ शेष देश के पर्यावरण की भी चिंता करनी होगी। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि हवा तब भी जहरीली होती रहती है, जब पराली जलना बंद हो जाती है? यह रवैया ठीक नहीं कि सर्दियों के आगमन पर पराली जलने की चिंता की जाए और दीवाली पर पटाखों के इस्तेमाल की। इस रवैये में सुधार के साथ यह भी समझा जाना चाहिए कि जब प्रदूषण गंभीर रूप ले लेता है, तब उससे निपटने के लिए किए जाने वाले फौरी उपाय अपर्याप्त ही सिद्ध होते हैं। इसी कारण हवा की गुणवत्ता की सही स्थिति को छिपाया जाता है। उचित यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार सभी कारणों के निवारण वाले उपायों पर ध्यान दे और सरकारों को इसके लिए बाध्य करे कि वे संबंधित एजेंसियों को जवाबदेह बनाएं। उन्हें न केवल यह सुनिश्चित करना होगा कि सड़कों एवं निर्माण स्थलों से धूल न उड़ने पाए, बल्कि यह भी कि यातायात सुगम बना रहे, ताकि वाहन रेंगने के लिए बाध्य न हों।

# कम्प्यूटेशनल थिंकिंग से समस्याओं को हल करें: सुराणा

**जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने एसटीईएम आधारित 04 दिवसीय केआरपीए प्रशिक्षण का पर्यवेक्षण, विज्ञान, तकनीकी, अभियांत्रिकी व गणित आधारित शिक्षण गतिविधियों का दिया प्रशिक्षण**





जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस.)** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित सोती भवन में समग्र शिक्षा, चूरू के तत्वाधान में आयोजित गणित एवं विज्ञान विषय आधारित चार दिवसीय एसटीईएम (विज्ञान, तकनीकी, अभियांत्रिकी व गणित) आधारित केआरपी प्रशिक्षण का शुभारंभ किया तथा पर्यवेक्षण करते हुए शिक्षाविदों से संवाद किया। इस दौरान सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, ओमप्रकाश सारस्वत, फतेहचंद सोती, एडीपीसी सरिता आत्रेय आदि अतिथि मंचस्थ रहे। इस मौके पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि कम्प्यूटेशनल थिंकिंग से समस्याओं को हल करें। समस्याओं को समझें और सकारात्मक हल निकालें। कम्प्यूटेशनल थिंकिंग से गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, रोज़मर्रा की ज़िन्दगी या प्रशासनिक कामों को बेहद आसानी से संपादित किया जा सकता है। समस्याओं को हल करने के लिए समस्या को छोटे भागों में बांटकर समझें तथा समस्या में बार-बार आने वाले पैटर्न या समानताएं पहचानकर मुख्य बात पर ध्यान, अनावश्यक विवरण हटाकर हल तक पहुंचने का चरणबद्ध तरीका बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा परिदृश्य में एसटीईएम केवल विषयों का समूह नहीं, बल्कि सीखने की एक वैज्ञानिक और नवाचारी प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि आज के समय शिक्षार्थियों को केवल उत्तर याद रखने की नहीं, बल्कि समस्याओं के समाधान खोजने की क्षमता विकसित करने की आवश्यकता है। इसके लिए तार्किक, क्रमबद्ध और विश्लेषणात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह डिजाइन थिंकिंग छात्रों को वास्तविक जीवन की समस्याओं के लिए रचनात्मक समाधान विकसित करने का अवसर देती है। शिक्षक यदि इन दोनों दृष्टिकोणों को अपने शिक्षण में समाहित करें तो बच्चे केवल ज्ञान नहीं, बल्कि नवाचार की क्षमता भी विकसित करेंगे। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे कक्षाओं में अमूर्त गणितीय एवं वैज्ञानिक अवधारणाओं को प्रयोगों के माध्यम से सरल और मूर्त रूप में परिवर्तित करें। सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़ ने एसटीईएम प्रशिक्षण को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की क्षमता-वृद्धि ही विद्यार्थियों के भविष्य का आधार है। एसटीईएम आधारित शिक्षण छात्रों में तर्क, विश्लेषण, सृजन और नवाचार की क्षमता विकसित करता है, जो 21वीं सदी का अनिवार्य कौशल है। एडीपीसी सरिता आत्रेय ने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल गतिविधि नहीं, बल्कि शिक्षकों के सीखने और कक्षा रूपांतरण का अवसर है। एसटीईएम शिक्षा विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन से जोड़ती है और सीखने को रोचक, उपयोगी और टिकाऊ बनाती है। उन्होंने बताया कि चार दिवसीय इस प्रशिक्षण में जिले के सभी ब्लॉक के केआरपी भाग ले रहे हैं। एपीसी हरिप्रसाद शर्मा एवं रामनिवास पूनिया ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रशिक्षण प्रभारी व कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र महला ने व्यवस्थाओं से अवगत करवाया। राज्य संदर्भ व्यक्ति सुनील कुमार शर्मा, शिवकुमार शर्मा, निलेश इंदौरिया एवं ओमप्रकाश शर्मा ने प्रशिक्षण दिया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार माली, इकबाल हसन गोरी, विजयपाल भाकर, एकता शर्मा, शिवदत्त यादव सहित अन्य उपस्थित रहे। संचालन रणवीर धीनवाल ने किया।

## पीएनबी के रिटेल आउटरीच प्रोग्राम में बड़ी संख्या में ग्राहकों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** अलवर सर्कल का रिटेल आउटरीच प्रोग्राम पंजाब नेशनल बैंक, दिल्ली रोड शाखा, अलवर में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अलवर शहर की सभी शाखाओं तथा बड़ी संख्या में ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान कार्यालय से उप महाप्रबंधक विष्णु लाल बाना तथा मण्डल प्रमुख अलवर श्वेतांक कुमार उपस्थित रहे। रिटेल आउटरीच के उद्देश्य से बड़ी संख्या में ग्राहक कार्यक्रम में उपस्थित हुए। बैंक को कार्यक्रम के दौरान लगभग 30 करोड़ रुपये के ऋण लीड्स प्राप्त हुई। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा प्रबंधक सत्यनारायण चौधरी द्वारा किया गया। अंत में दिल्ली रोड शाखा प्रबंधक भारत भूषण ने सभी अतिथियों, ग्राहकों एवं प्रतिभागियों का हृदय से आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी को धन्यवाद दिया।

## राज्य स्तर पर जलग्रहण जनभागीदारी कप-1 में मुण्डावर विजेता, 20 लाख रुपये से सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निस.)।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा आयोजित जलग्रहण जनभागीदारी कप-1 में पंचायत समिति मुण्डावर की जलग्रहण परियोजना ने राज्य स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए विजेता रहा। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में वॉटरशेड महोत्सव-2025 का राज्य स्तरीय शुभारम्भ समारोह पंचायत समिति खैराबाद, जिला कोटा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने अधीक्षण अभियंता नरेन्द्र सिंह मौथू तथा अधिशाषी अभियंता क्षत्रपाल यादव, जलग्रहण विकास एवं भू-सरंक्षण विभाग, पंचायत समिति मुण्डावर को प्रशस्ति पत्र एवं 20 लाख रुपये की पुरस्कार राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। अधिशाषी अभियंता क्षत्रपाल यादव ने बताया कि परियोजना क्षेत्र में समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण जल एवं भू-सरंक्षण कार्य, वृक्षारोपण, जनसहभागिता, तथा सीएसआर मद के प्रभावी उपयोग के कारण यह उपलब्धि संभव हुई है। परियोजना की सफलता में पीएचडीआरडीएफ नई दिल्ली के सीनियर मैनेजर बृजमोहन पाल, तत्कालीक कनिष्ठ अभियंता उपेन्द्र चौधरी एवं राहुल चौधरी, जलग्रहण विकास दल के सदस्य सुरेन्द्र कुमार, तथा परियोजना क्षेत्र के सरपंचों एवं जलग्रहण सचिवों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पुरस्कार राशि का उपयोग परियोजना क्षेत्र में जल संरक्षण एवं विकास कार्यों को और अधिक सुदृढ़ करने में किया जाएगा।

## वंदे मातरम का गायन कर लिया स्वदेशी संकल्प



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस.)** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शुक्रवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया और स्वदेशी संकल्प लिया गया। सीएमएचओ कार्यालय में हुये कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा ने राष्ट्रगीत का महत्व और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोगिता की प्रासंगिता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सहायक लेखाधिकारी कमल आत्रे, संतोष ऐचरा, प्रशासनिक अधिकारी यशवंत सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी प्रकाश शर्मा, वरिष्ठ सहायक रोहित शर्मा, गजेन्द्र सैनी, डीपीएम आशीष खण्डेलवाल, लेखाकार सुरेन्द्र बराला, डीपीसी फरजाना व राजकुमार बैरवा मौजूद रहे।

## भोपाल में नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा रावतसर का अक्षय गोदारा

**रावतसर(निस.)** थार की प्रतिभाएं अब नए खेलों की तरफ अपना रुख कर रही है। अपनी काबिलियत साबित कर रही हैं। ऐसा ही कुछ कमाल कर दिखाया है जिले के रावतसर निवासी अक्षय कुमार गोदारा ने कम उम्र में ही शूटिंग खेल में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाना शुरू कर दिया है। अक्षय का चयन मध्यप्रदेश के भोपाल में आयोजित होने वाली 68वीं राष्ट्रीय अंडर-14 शूटिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 11 से 28 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। अक्षय कुमार, मोहनलाल गोदारा और अध्यापिका जमना गोदारा के पुत्र है। पिता निजी बस ड्राइवर है, जबकि माता जमना राउमावि बेरीवाला तला में अध्यापिका है। सीमित संसाधनों के बावजूद अक्षय ने अपने जज्बे और मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। अक्षय बचपन से ही शूटर बनने का सपना देखता आया है। उसने 10 मीटर एयर राइफल वर्ग में खेल की शुरुआत की। लगातार अभ्यास और समर्पण से उसने पहले जयपुर में आयोजित प्री नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और क्वालीफाई किया। इसके बाद देहरादून में आयोजित नेशनल क्वालीफायर में भी शानदार प्रदर्शन किया। अब अक्षय भोपाल में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगा। खेल विशेषज्ञों का कहना है कि अक्षय में अनुशासन, ध्यान और संतुलन की अद्भुत क्षमता है, जो एक सफल शूटर के लिए जरूरी गुण हैं। अक्षय का कहना है कि वह देश के लिए पदक जीतना चाहता है और आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम ऊंचा करना उसका सपना है।

## पंडित नेहरू के त्याग, समर्पण और दृढ़ संकल्प हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है-मिश्रा

**श्रद्धा के साथ मनाई पंडित नेहरू की जयंती**



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस.)।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के अध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। बाल दिवस के रूप में मनाते हुए जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू वह महान व्यक्तित्व थे जिन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्होंने देश को आईआईएम, एआईआईएमएस, इसरो, भाखड़ा-नंगल जैसी विकास की आधारभूत संस्थाएं देकर भारत को मजबूत दिशा दी। इतने समृद्ध परिवार से होने के बावजूद उन्होंने आज़ादी की लड़ाई में लगभग 11 वर्ष जेल में बिताए। उनका त्याग, समर्पण और दृढ़ संकल्प हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। हम सभी कांग्रेसजन उनके बताए मार्ग पर चले यही पं. जवाहर लाल नेहरूजी को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से योगेश मिश्रा, जमशेद खान, जोगेंद्र कोचर, गफूर खान, रामप्रकाश शर्मा, राजेश विरमानी, एस आर यादव, सपात सरपंच, छंगमल लखेरा, कमलेश सैनी, हिरेंद्र शर्मा, रमन सैनी, राहुल पार्षद, जे डी आर्यन, जीत कौर, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, विशाल बौद्ध, प्रकाश गंगावत, रामकिशन बैरवा, राजेश मीना, किशोर सैनी, संदीप सैनी, कुलदीप माथुर, अंशुल सैनी, राजेश कृष्ण सिद्ध, दशरथ सिंह, भारत सिंह, हरिकिशन मीना, केसी मीना, जगदीश सिंघल, कमल सैन, धर्मेन्द्र खटीक तथा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने शहर की सफाई व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण



**सिविल लाईन्स जोन एवं झोटवाड़ा जोन का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दिये निर्देश**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)** नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने शुक्रवार को शहर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। आयुक्त ने सिविल लाईन्स जोन एवं झोटवाड़ा जोन की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। आयुक्त ने अंबेडकर सर्किल से अपना दौरा शुरू किया सोड़ाला, निर्माण नगर, 200 फीट बाईपास, बाईस गोदाम, चंबल पॉवर हाउस, सिविल लाईन्स के मुख्य मार्गो सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित जोन उपायुक्त, उपायुक्त (स्वास्थ्य), संबंधित अधिशाषी अभियन्ता, सीएसआई, एसआइ मौजूद रहे। आयुक्त ने इस दौरान स्वयं खड़े होकर मुख्य मार्गो की सफाई करवाई। मुख्य मार्गो पर आयुक्त को निरीक्षण के दौरान गंदगी मिली जिसपर उन्होंने संबंधित सीएसआई, एसआई को फटकार लगाते हुये नोटिस देने के निर्देश दिये। इसके साथ ही आयुक्त ने अस्थाई अतिक्रमण पर भी नाराजगी जाहिर की मौके से अस्थाई अतिक्रमण हटवाकर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। आयुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को लालकोठी सब्जी मण्डी पर अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया।

## जनजातीय उत्थान के लिए समर्पित है केन्द्र सरकार : विनोद देवी

**भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के उपलक्ष में राजगढ़ उपखंड मुख्यालय पर आयोजित हुई जिला स्तरीय प्रदर्शनी, राजगढ़ प्रधान विनोद देवी ने किया फीता काटकर उद्घाटन, आदि हाट में राजीविका महिलाओं ने लगाई हस्तनिर्मित उत्पादों की स्टॉल, शनिवार को आयोजित होगा मुख्य कार्यक्रम**



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस.)** भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के उपलक्ष में जिले के राजगढ़ उपखंड मुख्यालय पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में शुक्रवार को राजगढ़ प्रधान विनोद देवी ने 02 दिवसीय जिला स्तरीय प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसी के साथ आयोजित आदि हाट में राजीविका महिलाओं द्वारा लगाई गई स्टॉल का अवलोकन कर उत्पादों की जानकारी ली। इस अवसर पर प्रधान विनोद देवी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज की पहचान, स्वाभिमान और संघर्ष के प्रतीक हैं। उनकी जयंती हमें सामाजिक न्याय और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार जनजातीय उत्थान के लिए संकल्पित है। भारत सरकार द्वारा मनाए जा रहे 'जनजातीय गौरव दिवस' और राजस्थान सरकार की आदिवासी कल्याण नीतियां बिरसा मुंडा के आदर्शों पर आधारित हैं। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जनजातीय समाज के लिए चलाई जा रही शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, छात्रवृत्ति, पोषण व आजीविका से संबंधित योजनाएं उनके संपूर्ण विकास की दिशा में प्रभावी सिद्ध हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आदिवासी कल्याण योजनाओं, वन धन योजना, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों, जनजातीय क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा विकास तथा मुख्यमंत्री की ओर से चलाई जा रही जनजातीय कल्याण की योजनाओं से दूरस्थ इलाकों में रहने वाले समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने जिला स्तरीय प्रदर्शनी का अवलोकन की जनजातीय उत्थान के कार्यों की सराहना की तथा आदि हाट में राजीविका महिलाओं द्वारा लगाई गई हस्तनिर्मित उत्पादों की स्टॉलों का अवलोकन करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए लिए राजीविका के माध्यम से संबल मिल रहाहै। एसीईओ भागचंद खारिया ने स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी। एपीआरओ मनीष कुमार ने प्रदर्शनी की जानकारी दी तथा राजीविका डीपीएम राजेन्द्र शेखावत ने आदि हाट के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान राजगढ़ एसडीएम मनोज खेमादा, नीलम पूनिया, बीडीओ भागीरथ कटारिया, डीटीई रमेश कुमार, रविंद्र कुमार, रामस्वरूप, रामचंद्र गोयल, सहित राजीविका महिलाएं मौजूद रही। सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि शनिवार, 15 नवंबर को राजगढ़ उपखंड मुख्यालय पर ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शनिवार को शोभा यात्रा, भगवान बिरसा मुंडा एवं जनजाति स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि, लाभार्थी संतृप्ति शिविर, जिला स्तरीय चिकित्सा शिविर, जनजातीय सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

## डॉ. मोहन भागवत ने धानक्या स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक पर अर्पित की पुष्पांजलि, प्रदर्शनी का किया अवलोकन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर (कास.)** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक डॉक्टर मोहन राव भागवत शुक्रवार को जयपुर के धानक्या गांव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पर पहुंचे। उन्होंने यहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और स्मारक पर संस्कार सृष्टि तथा उनके जीवन से जुड़ी अनेक घटनाओं को देखा। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति की गत 6 वर्षों की गतिविधियों पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर डॉ. भागवत ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी का जो दर्शन है, उसके पीछे उनकी पूरी जीवन की तपस्या है। वह कोरा चिंतन नहीं है। जीवन के अनुभव की गहराई में जो मनन हुआ है उसका परिणाम है। यह दर्शन नया नहीं है, अपना सनातन दर्शन ही है। दीनदयाल जी ने इस दर्शन को देशकाल और परिस्थिति के अनुसार प्रस्तुत किया है, जो ऋषि मुनियों ने कहा उसे अनुभव किया और उस अनुभव में से उसका एक परिष्कृत रूप उन्होंने समाज के सामने रखा। डॉ. भागवत ने कहा कि दीनदयाल जी का दर्शन इस राष्ट्रीय स्मारक से देश में सभी जगह जाना चाहिए। इनके आदर्शों का प्रचार सर्वत्र हो, ऐसा प्रयास हमें करना चाहिए और उनके जीवन के अनुसार जीने वाले लोगों को प्रति वर्ष यहां सम्मानित भी करना चाहिए। सत्य, करुणा, शुचिता और तपस्या, ये चारों बातें दीनदयाल जी के जीवन में पूर्णतः उत्कर्षता के साथ दिखती है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी स्वतंत्र भारत में एकमात्र उदाहरण है जिन्होंने राजनीति में जाकर राजनीति की प्रकृति को बदलने का प्रयास किया, लेकिन राजनीति में रहकर भी अपने मूल चरित्र और स्वभाव में बिल्कुल बदलाव नहीं होने दिया। उनके रास्ते पर चलने वाले लोग प्रयास तो कर रहे हैं, लेकिन वह प्रयास किस दिशा में कैसे करें, इसका दीनदयाल जी ने मूर्तिमान उदाहरण अपने जीवन से दिया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति के अध्यक्ष प्रो. मोहन लाल छीपा ने कहा कि समिति की स्थापना वर्ष 2019 में दीनदयाल उपाध्याय के विचार-दर्शन को देश-विदेश में फैलाने के उद्देश्य से की गई थी। समिति का लक्ष्य सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओं में दीनदयाल भाव जागृत करना है और इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। अध्यक्ष ने बताया कि देश में फिलहाल धानक्या, फरह (मथुरा),चित्रकूट और मुगलसराय में प्रमुख स्मारक स्थापित हैं जहां पण्डितजी के विचारों पर अलग अलग कार्य हो रहे हैं । प्रो. छीपा ने बताया कि दीनदयाल जी के प्रचारक बनने से पूर्व जीवन के 21 वर्ष राजस्थान तथा 5 वर्ष उत्तर प्रदेश में बीते, जिनका उनके व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव पड़ा। बचपन में धानक्या स्थित शिव और हनुमान मंदिरों में दीनदयाल जी की दैनिक पूजा-अर्चना करने से उनमें आध्यात्मिक संस्कारों आए जिनका उनके विचार दर्शन पर प्रभाव पड़ा। इससे पूर्व समिति के अध्यक्ष प्रो. मोहन लाल छीपा, सचिव प्रतापभानू सिंह शेखावत, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र ज्ञानपुरिया व सह सचिव नीरज कुमावत ने माननीय मोहन राव भागवत का साफा, शाल, श्रीफल, सांगानेरी दुपट्टा, प्रतीक चिन्ह व पुस्तकों से सम्मान किया। समिति के अन्य सदस्यों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल का भी सम्मान किया।

## समस्याओं का समाधान खोजने के लिए तार्किक और विश्लेषणात्मक सोच विकसित करें: सुराणा

**चूरू(निस.)** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित सोती भवन में समग्र शिक्षा, चूरू के तत्वाधान में आयोजित गणित एवं विज्ञान विषय आधारित चार दिवसीय एसटीईएम (विज्ञान, तकनीकी, अभियांत्रिकी व गणित) आधारित केआरपी प्रशिक्षण का शुभारंभ किया तथा पर्यवेक्षण करते हुए शिक्षाविदों से संवाद किया। इस दौरान सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, ओमप्रकाश सारस्वत, फतेहचंद सोती, एडीपीसी सरिता आत्रेय आदि अतिथि मंचस्थ रहे। इस मौके पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि वर्तमान शिक्षा परिदृश्य में एसटीईएम केवल विषयों का समूह नहीं, बल्कि सीखने की एक वैज्ञानिक और नवाचारी प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि आज के समय शिक्षार्थियों को केवल उत्तर याद रखने की नहीं, बल्कि समस्याओं के समाधान खोजने की क्षमता विकसित करने की आवश्यकता है। इसके लिए तार्किक, क्रमबद्ध और विश्लेषणात्मक सोच अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह डिजाइन थिंकिंग छात्रों को वास्तविक जीवन की समस्याओं के लिए रचनात्मक समाधान विकसित करने का अवसर देती है। शिक्षक यदि इन दोनों दृष्टिकोणों को अपने शिक्षण में समाहित करें तो बच्चे केवल ज्ञान नहीं, बल्कि नवाचार की क्षमता भी विकसित करेंगे। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे कक्षाओं में अमूर्त गणितीय एवं वैज्ञानिक अवधारणाओं को प्रयोगों के माध्यम से सरल और मूर्त रूप में परिवर्तित करें। सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़ ने एसटीईएम प्रशिक्षण को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की क्षमता-वृद्धि ही विद्यार्थियों के भविष्य का आधार है। एसटीईएम आधारित शिक्षण छात्रों में तर्क, विश्लेषण, सृजन और नवाचार की क्षमता विकसित करता है, जो 21वीं सदी का अनिवार्य कौशल है। एडीपीसी सरिता आत्रेय ने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल गतिविधि नहीं, बल्कि शिक्षकों के सीखने और कक्षा रूपांतरण का अवसर है। एसटीईएम शिक्षा विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन से जोड़ती है ।



## 120 बहादुर में अपने किरदार को लेकर काफी एक्साइटेड हैं राशि खन्ना

**रजनीश घई निर्देशित फिल्म '120 बहादुर' में फरहान अख्तर एक फौजी के किरदार में नजर आएंगे। यह कहानी सच्ची घटना पर आधारित है। इसमें फरहान के अलावा राशि खन्ना भी हैं। फिल्म में अपने किरदार को लेकर वह काफी एक्साइटेड हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने किरदार को लेकर डिटेल्स शेयर किए।**

राशि खन्ना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'वो युद्ध के मैदान में नहीं गई, लेकिन उसने हर दिन युद्ध को जिया। मैंने इस किरदार को अपने मन में बसाया है। यह उन महिलाओं के लिए है, जो खामोशी से प्यार करती हैं। जो देश के सैनिकों का घर संभालती हैं। यह महिलाएं गर्व और दर्द को एक साथ समेटे हुए हैं।' बताते चलें कि फिल्म के मुख्य किरदार शैतान सिंह भाटी की पत्नी का रोल राशि खन्ना कर रही हैं।




### भारत-चीन युद्ध पर आधारित कहानी

फिल्म '120 बहादुर' की कहानी 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित है। इस लड़ाई में 13 कुमाऊं रेजिमेंट के लगभग 120 भारतीय सैनिकों ने मेजर शैतान सिंह भाटी के नेतृत्व में, 3,000 से अधिक चीनी सैनिकों का बहादुरी से सामना किया और अपनी अंतिम सांस तक अपनी चौकी की रक्षा की। फिल्म में फरहान मेजर शैतान सिंह भाटी के किरदार में ही नजर आएंगे। यह फिल्म 21 नवंबर को रिलीज होने वाली है।



# सात साल बाद फिल्मों में कर कमबैक सकती हैं अनुष्का

**चकदा एक्सप्रेस की रिलीज पर जल्द हो सकता है फैसला**

एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा को लीड एक्ट्रेस के तौर पर आखिरी बार साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म जीरो में देखा गया था। इसके बाद उन्होंने फिल्म चकदा एक्सप्रेस की शूटिंग पूरी की थी, लेकिन यह फिल्म अब तक रिलीज नहीं हुई। हालांकि, अनुष्का जल्द ही लीड एक्ट्रेस के तौर पर सात साल बाद कमबैक कर सकती हैं। दरअसल, चकदा एक्सप्रेस क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक है, जिसमें अनुष्का शर्मा लीड रोल में हैं। हालांकि यह बायोपिक करीब तीन साल से नेटफ्लिक्स के पास पड़ी है। फिल्म को प्लेटफॉर्म और प्रोडक्शन हाउस क्लीन स्लेट फिल्म्स के बीच अनबन के चलते रिलीज नहीं किया जा रहा है। रिपोर्ट में सामने आया है कि हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद फिल्म चकदा एक्सप्रेस के प्रोड्यूसर्स अब इसकी रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। प्रोड्यूसर्स ने नेटफ्लिक्स इंडिया के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की अपील की है। अनुष्का ने फिल्म में झूलन गोस्वामी का किरदार निभाया है, जो पूर्व भारतीय महिला क्रिकेटर और टीम की कप्तान रह चुकी हैं। एक सूत्र ने बताया, हमने नेटफ्लिक्स इंडिया के टॉप अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से लिखा है कि वे इस विवाद से ऊपर उठकर फिल्म रिलीज करें। झूलन दी जैसी दिग्गज पर बनी बायोपिक दर्शकों तक जरूर पहुंचनी चाहिए। सूत्र ने यह भी बताया कि फिल्म कई सालों से अटकी हुई है क्योंकि नेटफ्लिक्स के अधिकारियों को इसका रिजल्ट पसंद नहीं आया। प्रोडक्शन हाउस का बजट खत्म हो गया था और प्लेटफॉर्म हैड्स को प्रोजेक्ट का साइज ठीक नहीं लगा। फिर भी फिल्म मजबूत है। एक अन्य सूत्र ने बताया कि टीम ने फिल्म पर फिर से चर्चा शुरू की है और इस महीने के भीतर रिलीज को लेकर फैसला लिया जा सकता है।

### आखिरी बार फिल्म जीरो में दिखी थीं अनुष्का

बता दें कि अनुष्का शर्मा ने आखिरी बार साल 2018 में फिल्म जीरो में लीड एक्ट्रेस के तौर पर काम किया था, जिसमें उन्होंने आफिया यूसुफजई भिंदर का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उनके साथ शाहरुख खान और कैटरीना कैफ नजर आए थे। साल 2020 में उन्होंने फिल्म बुलबुल को प्रोड्यूस किया। इसके बाद 2022 में उन्होंने फिल्म कला में कैमियो रोल किया था।

## प्रतिभा रांटा ने सान्या मल्होत्रा को किया रिप्लेस

कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म नागजिला को लेकर इन दिनों काफी बज बना हुआ है। हाल ही में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है। सेट से पूजा करने का वीडियो भी हाल ही में वायरल हुआ था। अब इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस से जुड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के मेकर्स ने इस बार नई चेहरों की तलाश शुरू की है और उनकी नज़र पड़ी है उभरती हुई स्टार प्रतिभा रांटा पर। बताया जा रहा है कि पहले इस फिल्म के लिए सान्या मल्होत्रा को फाइनल माना जा रहा था, लेकिन अब उनकी जगह पर प्रतिभा रांटा को चुना गया है। टीम ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के रूप में लेने की तैयारी लगभग तय कर ली है। हालांकि फिलहाल इन खबरों की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रतिभा के चयन की चर्चा इसलिए भी दिलचस्प है क्योंकि उन्हें एक फ्रेश चेहरा और अंडररेटेड टैलेंट माना जाता है। निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा और प्रोड्यूसर करण जौहर दोनों ही चाहते हैं कि फिल्म की जोड़ी एकदम फ्रेश दिखे। यही वजह है कि कार्तिक आर्यन के साथ उनकी पेयरिंग को लेकर काफी बज बन रहा है।



## 10 साल बाद परदे पर लौटने जा रहे हैं इमरान, भूमि पेडनेकर के साथ नजर आएंगे



आमिर खान के भांजे इमरान खान करीब 10 साल के लंबे गैप के बाद परदे पर लौटने जा रहे हैं। इमरान को आखिरी बार 2015 में रिलीज हुई फिल्म कट्टी बट्टी में देखा गया था। जिसमें उनके साथ कंगना रनौत मुय किरदार में थीं। अब उनकी अगली फिल्म के जरिए वे दर्शकों के सामने नए अंदाज में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की रिलीज और कास्ट से जुड़ा ताजा अपडेट सामने आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इमरान की इस आगामी फिल्म में भूमि पेडनेकर भी उनके साथ नजर आएंगी। फिल्म का पहला एडिट इसी साल दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। फिल्म की शूटिंग अगस्त में पूरी हो चुकी है और अब यह पोस्ट-प्रोडक्शन फेज में है। निर्माता दिसंबर तक एडिट पूरा कर अगले साल की शुरुआत में फिल्म रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म की रिलीज डेट फाइनल नहीं हुई है। रिलीज डेट का निर्धारण पूरी तरह नेटफ्लिक्स पर निर्भर है। जब तक कॉर्पोरेट अधिकारियों की टीम इस पर साइन नहीं कर देती, रिलीज का कोई आधिकारिक ऐलान नहीं होगा। इसका निर्देशन दानिश असलम कर रहे हैं।






# अल्फा का क्लाइमेक्स एक्शन सीन 8 से 10 मिनट लंबा

**VFX पर 15-20 दिन लगे**

**यशराज फिल्म्स की अगली स्पाई थ्रिलर अल्फा को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है। इसका क्लाइमेक्स सीक्वेंस हाल ही में मुंबई के यशराज स्टूडियो में अत्याधुनिक तकनीक के साथ सफलतापूर्वक शूट कर लिया गया है। यह फिल्म यशराज स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल सेंट्रिक एक्शन फिल्म है, जो अब अपने फाइनल शेड्यूल में पहुंच चुकी है। इसके निर्देशन की जिम्मेदारी द रेलवे मैन फेम शिव रवैल ने निभाई है। डेढ़ साल से जारी शूटिंग में लंदन समेत कई विदेशी लोकेशन शामिल रही हैं।**

### बोल्ट कैमरा और फेस रिप्लेसमेंट तकनीक का भी हुआ इस्तेमाल

अल्फा के क्लाइमेक्स फाइट सीक्वेंस को लेकर यशराज फिल्म्स ने कोई कसर नहीं छोड़ी। यह हाई-ऑक्टेन, वीएफएक्स-हेवी एक्शन फिल्म है, जिसमें आलिया का सामना विलन बॉबी देओल के किरदार से होता है। इस सीन को अविश्वसनीय सटीकता के साथ फिल्माने के लिए सेट पर बोल्ट कैमरा मशीन लगाई गई, जो बेहद तेज और सटीक मूवमेंट कैप्चर करने में सक्षम है। शूट की निगरानी एक विदेशी स्टंट डायरेक्टर ने की, जिन्होंने सीन के हर मूवमेंट को परफेक्ट बनाने के लिए कई लेयर्स में रिहर्सल करवाई। इस सीन में फेस रिप्लेसमेंट और वीएफएक्स के बड़े हिस्से शामिल हैं, जिसके लिए खास लाइटिंग सेटअप और टेक्निकल ग्रिड बनाया गया था। पिता की खराब तबीयत के बीच बॉबी ने बिना रुके की शूटिंग सेट पर सबसे अधिक चर्चा बॉबी के प्रोफेशनलिज्म की रही। वह हर दिन सुबह 11.30 बजे से रात 7-8 बजे तक बिना ब्रेक शूटिंग करते रहे। तीन दिन तक चले इस एक्शन सीन में उन्होंने 8 घंटे की नॉन-स्टॉप शिफ्ट दी। इसी दौरान उनके पिता धर्मेंद्र अस्पताल में भर्ती भी थे। इसके बावजूद बॉबी ने शूट और पिता की सेहत दोनों के बीच तालमेल बनाए रखा। वीएफएक्स तकनीक के चलते बॉबी के लिए यह अनुभव बिल्कुल नया था पर उन्होंने इसे आसानी से एडॉप्ट कर लिया।

### कड़ी सुरक्षा में पूरा हुआ शूट, मोबाइल फोन भी रहा बैन

क्लाइमेक्स शूट के दौरान सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाए। पहले दिन किसी भी क्रू मेंबर को मोबाइल फोन अंदर ले जाने की अनुमति नहीं थी। बाद में केवल असिस्टेंट डायरेक्टर की मंजूरी से कुछ फोन की अनुमति दी गई। वीएफएक्स बेस्ड इस शूट में आलिया और बॉबी ने अपने सीन अलग-अलग शूट किए। पहले बॉडी डबल्स पर फाइट सीक्वेंस फिल्माया गया है, फिर फेस रिप्लेसमेंट के जरिए असली कलाकारों के चेहरे लगाए जाएंगे। इसके लिए बॉडी डबल्स की अलग से वर्कशॉप और रिहर्सल भी हुई। बताया जा रहा है कि यह पूरा क्लाइमेक्स एक्शन ब्लॉक 8 से 10 मिनट लंबा है और इसके वीएफएक्स हिस्से में 15 से 20 दिन का समय लगा।

### दो बहनों के रोल में दिखेंगी आलिया-शरवरी

अल्फा की कहानी जासूसी मिशन पर आधारित है। इसमें आलिया और शरवरी दो बहनों बनी हैं, जो सीक्रेट एजेंट भी हैं। इनके पिता के रोल में अनिल कपूर हैं, जो खुद भी एक स्पाई एजेंट हैं। वहीं बॉबी का किरदार टेररिज्म और ग्लोबल क्राइम नेटवर्क से जुड़ा है। उनका लुक इस बार एनिमल से बिल्कुल अलग है।

# इंडस्ट्री का हिस्सा बनना कभी मेरे प्लान का हिस्सा नहीं था



**कर्नाटक के छोटे-से कस्बे कोडागु से ताल्लुक रखने वाली रश्मिका मंदाना ने कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन वह ग्लैमर की दुनिया पर राज करेंगी। एक समय था, जब वह लिटरेचर, साइंस और जर्नलिज्म की पढ़ाई में व्यस्त थीं और अपनी ही दुनिया में मस्त। लेकिन किस्मत ने उनका रुख फिल्मों की ओर मोड़ दिया। कन्नड़ और तमिल फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत करने वाली रश्मिका जब पुष्पा- द राइज में नजर आईं, तो रातों-रात नेशनल क्रश बन गईं। जल्दी ही पैन इंडिया स्टार के तौर पर पहचानी जाने वाली रश्मिका की थामा ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा-खासा बिजनेस किया।**

**आज आप देश की टॉप एक्ट्रेसेस में गिनी जाती हैं। इसका श्रेय आप किसे देती हैं?**

सच कहूं तो इंडस्ट्री का हिस्सा बनना कभी मेरे प्लान का हिस्सा नहीं था। लेकिन पीछे मुड़कर देखती हूं तो लगता है ये सफर कितना खूबसूरत रहा है। मैं उन सभी की आभारी हूं, जिन्होंने इस सफर में मेरा साथ दिया। सबसे पहले मेरा परिवार, जिन्होंने हमेशा मुझे दिल की सुनने, आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित किया और हर मोड़ पर मेरा साथ दिया। हर निर्देशक, को-स्टार और टीम से मैंने कुछ न कुछ सीखा है, जिसने मुझे लगातार आगे बढ़ाया। और सबसे ऊपर, मेरे चाहने वाले फैन, उनका प्यार और समर्थन मुझे हर दिन नई चुनौतियां

**पुष्पा के बाद आपने सचमुच पैन इंडिया स्टार शब्द को लोकप्रिय बना दिया। पैन-इंडिया सुपरस्टार कहलाना कैसा लगता है?**

बहुत प्यारा लगता है। सच कहूं तो अभी भी उस अहसास को पूरी तरह महसूस कर रही हूं। ये सब दर्शकों के अपार प्यार का नतीजा है और इसके लिए मैं दिल से आभारी हूं। मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि आप सबका प्यार ही मेरी ताकत है। मैं हर दिन अपना बेस्ट देने की कोशिश करती हूं और आगे जो प्रोजेक्ट्स आ रहे हैं, उन्हें लेकर बेहद उत्साहित हूं।

**छोटे शहर और कस्बों से आने वाली उन युवा लड़कियों के लिए क्या संदेश देना चाहेंगी जो आपके रास्ते पर चलना चाहती हैं?**

मैं हमेशा यही कहती हूं कि अगर मैं कर सकती हूं तो कोई भी कर सकता है। जो भी आपका सपना हो, खुद पर विश्वास रखिए और आगे बढ़िए। रास्ता आसान नहीं होगा, लेकिन अगर दिल में ठान लिया तो आधी जीत वहीं से शुरू हो जाती है।

**आपकी नैचुरल एक्टिंग और सादगी भरे लुक्स को लोग बहुत पसंद करते हैं। क्या ये आपकी निजी पसंद है या निर्देशक का विजन?**

यह बहुत प्यारा कॉम्प्लिमेंट है, धन्यवाद। सच कहूं तो मैं सेट पर पूरी तरह अपने निर्देशक पर भरोसा करती हूं। उनका विजन ही फिल्म की आत्मा होता है। हमारा काम है उस विजन को जीवंत करना।

**आपने अल्लू अर्जुन, रणबीर कपूर, विक्की कौशल जैसे बड़े कलाकारों के साथ काम किया है। उनसे आपने क्या सीखा?**

हर कलाकार से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। अल्लू सर हों, रणबीर हों या विक्की, हर किसी का काम करने का तरीका अलग है। मैंने उनसे छोटे-छोटे सबक सीखे हैं जिन्हें मैं हमेशा अपने साथ लेकर चलती हूं। अल्लू अर्जुन सर के साथ हमारी एनर्जी बहुत अच्छी तरह मिलती है, इसलिए हमें काम के दौरान बहुत कंफर्टेबल महसूस होता है। रणबीर की बात करूं, तो हम लोगों को इधर-उधर की बातें पसंद नहीं आतीं, हम लोग अपने रोल्स और काम पर ध्यान देते हैं। एक चीज जो मुझे उनकी बहुत पसंद है, वो यह है कि उनका जो क्राफ्ट है, वो पूरी इंडस्ट्री को दर्शाता है। जबकि विक्की के साथ काम करते हुए सेट पर मैं यही सोचती थी कि ये इंसान तो कमाल का है।

# सांगानेर के श्री महावीर नगर में जेडीए की बड़ी कार्रवाई, 24 अवैध विलाएं सील

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निसं.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए सोमवार को जोन-14 के अंतर्गत आने वाली गैर अनुमोदित योजना 'श्री महावीर नगर, सांगानेर' में निर्मित 24 आलीशान अवैध विलाओं को पुख्ता रूप से सील कर दिया। उप महानिरीक्षक पुलिस (जविप्रा) श्री राहुल कोटोकी के निर्देशन में की गई यह कार्रवाई हाल के महीनों में जेडीए द्वारा की गई सबसे बड़ी सीलिंग कार्रवाइयों में से एक मानी जा रही है। जेडीए के अनुसार, ग्राम सुखदेवपुरा, कल्लावाला, चंदलाई रोड (तहसील सांगानेर, जिला जयपुर) स्थित क्षेत्र में 'श्री महावीर नगर' नाम से गैर अनुमोदित कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इस योजना में जेडीए से किसी भी प्रकार की अनुमति और स्वीकृति लिए बिना 24 आलीशान विलाओं का निर्माण कर दिया गया। प्राधिकरण द्वारा जविप्रा अधिनियम की धारा 32 व 33 के तहत नोटिस जारी कर निर्माणकर्ता को अवैध



निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन तय समय सीमा में अनुपालन नहीं होने पर धारा 34(क) के तहत सीलिंग के आदेश जारी किए गए। सोमवार को जेडीए की प्रवर्तन टीम मौके पर पहुंची और सभी 24 विलाओं पर सीलिंग कार्रवाई की। कार्रवाई के तहत प्रत्येक विला के मुख्य द्वार, खिड़कियों और गेटों को ईंटों की दीवारें चुनवाकर पुख्ता रूप से बंद किया गया। प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई इंजीनियरिंग शाखा की तकनीकी मदद से नियमानुसार की गई, जिसमें सीलिंग के बाद ताला-सील-चपड़ी लगाकर हर संभावित प्रवेश मार्ग को पूरी तरह बंद कर दिया गया।

### अवैध निर्माण के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' पर जेडीए

उप महानिरीक्षक (जविप्रा) राहुल कोटोकी ने कहा कि जयपुर विकास प्राधिकरण अवैध कॉलोनियों और अवैध निर्माणों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध निर्माणकर्ता किसी भी प्रकार के दबाव या राजनीतिक प्रभाव के सहारे बच नहीं पाएंगे। श्री कोटोकी ने कहा कि अवैध कॉलोनाइज़र और बिल्डर्स के खिलाफ आगे भी कानून सम्मत सख्त कार्रवाई इसी प्रकार जारी रहेगी।

### स्थानीय लोगों ने की कार्रवाई की सराहना

महावीर नगर और आसपास के क्षेत्र के स्थानीय निवासियों ने जेडीए की कार्रवाई का स्वागत किया। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से बिना अनुमति तेज़ी से निर्माण कार्य चल रहे थे, जिससे व्यवस्थित विकास और मूलभूत सुविधाओं पर भी जोखिम पैदा हो रहा था। निवासियों ने कहा कि इस कार्रवाई से अवैध कॉलोनाइज़र्स को स्पष्ट संदेश गया है कि अब जयपुर में बिना स्वीकृति कोई भी निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और प्राधिकरण की ओर से ऐसे अवैध निर्माणों पर सख्ती से लगाम लगाई जाएगी।

## हरिपुरा विद्यालय में सामुदायिक गतिशीलता का प्रशिक्षण हुआ



जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हरिपुरा में दो दिवसीय एसएमसी एवं एसडीएमसी प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रधानाचार्य रीना मीणा एवं ग्राम पंचायत हरिपुरा की सरपंच मूली देवी की अध्यक्षता में मां शारदे का दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात पूर्व सरपंच रामस्वरूप शर्मा द्वारा प्रशिक्षण के विषय में उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। दक्ष प्रशिक्षक कैलाश चंद्र शर्मा आकोडिया एवं पुरुषोत्तम शर्मा ने एसएमसी एवं एसडीएमसी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 समग्र शिक्षा, बाल संरक्षण एवं सामुदायिक गतिशीलता की अवधारणा पर एवं नामांकन वृद्धि पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस प्रशिक्षण में आठ विद्यालयों के संभागियो ने भाग लिया। व्यवस्थापक स्थानीय विद्यालय के शिक्षक लालचंद माली ने प्रशिक्षण की सभी व्यवस्थाओं का संचालन किया।

## दिल्ली विस्फोट ने निर्दोष नागरिकों की दुखद मृत्यु पर जाहिर करी गहरी शोक संवेदनाएं

### ग्लोबल यूथ फाउंडेशन ने दी श्रद्धांजलि



जयपुर टाईम्स

**धौलपुर राजाखेड़ा/दिल्ली(निसं.)।** हाल ही में दिल्ली में हुए भीषण बम विस्फोट में निर्दोष नागरिकों की हुई दुखद मृत्यु पर ग्लोबल यूथ फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।कार्यक्रम के दौरान ग्लोबल यूथ फाउंडेशन की राष्ट्रीय समिति से मंगीलाल तथा यूथ प्रदेश अध्यक्ष देव पाराशर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।उन्होंने इस घटना को मानवता पर प्रहार बताते हुए कहा कि ऐसे अमानवीय कृत्य समाज को झकझोर देते हैं,परंतु एकजुट होकर हम शांति, सद्भाव और मानवता के मार्ग पर डटे रहेंगे।इस श्रद्धांजलि सभा में जिला अध्यक्ष राज तोमर,जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष अर्जुन दागोर,जिला मंत्री भोला शर्मा, सतीश शर्मा,शुभम शर्मा,शिवम चौहान,सुभीर,श्याम सुंदर शर्मा, शशिकांत शर्मा,मोहित शर्मा, आदित्य,तथा सौरभ सिसोदिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभा का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## कांग्रेस की जीत आमजन की जीत- मोहन प्रकाश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** कांग्रेस की जीत आमजन की जीत - मोहन प्रकाश (अंता उपचुनाव में कांग्रेस की दमदार जीत) राजस्थान के बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया ने भारी मतों से विजय प्राप्त की है। उपचुनाव दमदार जीत के लिए प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ,सचिन पायलट, अशोक चांदना,शान्ति धारीवाल,राष्ट्रीय महासचिव मोहन प्रकाश सहित कांग्रेस के अनेक बड़े नेताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के पक्ष में प्रचार प्रसार किया एवं लगातार मीटिंग एवं रेलिया कर कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने में सफलता प्राप्त की। कांग्रेस के प्रखर वक्ता एवं राष्ट्रीय महासचिव मोहन प्रकाश ने अंता विधानसभा में लगातार रेलिया कर जनसंपर्क किया उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है । उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया और आमजन मंहगाई एवं बेरोजगारी से परेशान हैं उन्होंने कहा कि अंता उपचुनाव की जीत आमजन की जीत है।



## जनजातीय गौरव दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में जिला परिषद में किया। कार्यक्रम में माडा स्कूल के बच्चे, शिक्षक, जिला परिषद का स्टाफ, आदि कर्मयोगी, आदि साथी, आदि सहयोगी, तथा एसोशिएशन फॉर वोलिएंट्री एक्शन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हुई। इसके उपरांत उनकी जीवन यात्रा और उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित सभी व्यक्तियों को भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित की गई, जिसे सभी ने अत्यंत रुचि के साथ देखा। बच्चों में जागरूकता बढ़ाने हेतु निबंध लेखन आदि गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके साथ ही भारतीय संविधान, जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय वीरों की भूमिका तथा बाल विवाह के दुष्प्रभावों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में शामिल सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और जनजातीय गौरव दिवस के महत्व को समझते हुए अपने विचार व्यक्त किए। यह आयोजन जनजातीय समाज के इतिहास, संस्कृति और उनके योगदान को सम्मान देने तथा बच्चों में जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।




## प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में समारोह पूर्वक मनाई गई

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर द्वारा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में समारोह पूर्वक मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर के अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने की आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री ने सभी कांग्रेस जनों से कहां कि पंडित जवाहरलाल नेहरू मानवता की आदर्श मिशाल थे उनके नेतृत्व में देश के नवनिर्माण की नींव रखी ओर विकास के नये आयाम स्थापित किए गए उनका देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान रहा पंडित नेहरू महान देशभक्त थे अपनी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू हम सब के प्रेरणा स्रोत मार्गदर्शक थे उन्होंने कांग्रेस जनों से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया इस अवसर पर प्रदेश सचिव अमित मुद्गल प्रदेश महामंत्री महिला कांग्रेस लीना शर्मा ने कहा कि पंडित नेहरू हम सब के प्रेरणा स्रोत थे प्रमुख रुप से जिला उपाध्यक्ष अविनाश शास्त्री,जनक सिंह लोधा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अनीश खान, संजय बघेल, नगर अध्यक्ष बनवारी लाल जाटव, सुरेंद्र जाटव, महासचिव पर्यावरण अभिषेक सक्सेना, श्यामू पंडित, मानवेंद्र सिंह, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## तंबाकू निषेध जागरूकता पोस्टर का हुआ विमोचन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के अंतर्गत जिले भर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा तंबाकू निषेध जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा ने तंबाकू निषेध जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा युवाओं में तंबाकू की बढ़ती लत को रोकने के लिए तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 चलाया जा रहा है। धूम्रपान और तंबाकू पदार्थों का सेवन न केवल स्वयं व्यक्ति को बल्कि उसके आस पास रहने वालों को भी नुकसान पहुंचता है। इसलिए हम स्वयं भी तंबाकू उत्पादों का सेवन ना करे और अन्य को भी सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा ने कहा कि जिले में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 12 दिसंबर तक चलाया जाएगा, जिसमें सघन जन जागरण गतिविधियों के साथ जिले के समस्त स्कूलों तथा ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त घोषित करवाया जाएगा। इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी विभागों के समन्वय द्वारा यहां कोटपा एक्ट 2003 की समस्त धाराओं व तंबाकू फ्री गाइडलाइंस की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करवाई जा रही है। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव मीणा, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिव कुमार शर्मा भी मौजूद रहे।

## उपखण्ड मुख्यालय के विलय की चर्चाओं को लेकर क्षेत्रवासियों में आक्रोश

### विरोध की आहट के साथ आंदोलन की सुगबुगाहट

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निसं.)।** बिजौलियां उपखण्ड मुख्यालय को मांडलगढ़ उपखण्ड मुख्यालय में विलय की चर्चाओं को लेकर क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त हैं।वहीं इसे लेकर आमजन में विरोध के स्वर मुखरित होने के साथ ही आंदोलन की सुगबुगाहट भी देखी जा रही हैं।जानकारी के मुताबिक राज्य सरकार द्वारा गठित 'राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन सलाहकार समिति' (एसएयू-आरएसी) द्वारा विगत 8 अगस्त को सभी जिला कलेक्टरों के नाम आदेश जारी कर उपखण्ड, तहसील,उप तहसील,गिरदावर सर्किल व पटवार मंडल के विलय/पुनर्गठन के बारे में जिला कलेक्टर कार्यालयों से टिप्पणी चाही गई हैं।इस टिप्पणी के आधार पर ही समिति (एसएयू-आरएसी) द्वारा समीक्षा उपरांत राज्य सरकार को अनुशंषा पेश की जानी हैं।इस आदेश के मुताबिक उपखण्ड मुख्यालय दो तहसीलों पर एक ही रखा जाना हैं।साथ ही दो तहसीलों में से उपखण्ड मुख्यालय प्राथमिकता से उस तहसील मुख्यालय पर रखा जाना हैं जहां पहले से ही पुलिस वृत्त (उपाधीक्षक मुख्यालय) स्थित हैं।उक्त गाइड लाइन के अनुसार पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय मांडलगढ़ में होने से बिजौलियां उपखण्ड मुख्यालय को मांडलगढ़ उपखण्ड मुख्यालय में विलय किया जाना हैं। विदित हैं कि वर्ष 2012 में अशोक गहलोत सरकार द्वारा राजस्थान में जितने भी तहसील कार्यालय हैं वहां पर उपखंड कार्यालय खोले गए थे।क्षेत्रवासियों का कहना हैं कि अब 13 साल बाद उपखण्ड मुख्यालय के विलय का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण हैं।ऐसा करने से बिजौलियां कस्बे समेत सम्पूर्ण ऊपरमाल क्षेत्र व खेराड़ क्षेत्र के लोगों को अपने कार्यों के लिए मांडलगढ़ जाना पड़ेगा।इससे लोगों की परेशानियां बढ़ेगी।आमजन ने मुख्यमंत्री व जनप्रतिनिधियों से बिजौलियां में उपखण्ड मुख्यालय यथावत रखे जाने की मांग की हैं।

भागवत कथा का पांचवां दिन

## गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, बलि चरित्र, राम और कृष्ण अवतार के प्रसंगों का हुआ वर्णन



**धौलपुर(निसं.)।** दारासिंह नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक आचार्य विजय राम कौशिक ने गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, बलि चरित्र, राम और कृष्ण अवतार के प्रसंगों का वर्णन कर श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा की शुरुआत गजेंद्र मोक्ष की लीला से हुई, जिसमें हाथी गजेंद्र द्वारा संकट में भगवान विष्णु को पुकारना और प्रभु का तुरन्त प्रकट होकर मगर से उसका उद्धार करना भक्ति की शक्ति और प्रभु की कृपा का जीवंत प्रमाण बना। आचार्य कौशिक ने बताया कि जब जीव अपने अहंकार को छोड़कर पूरी विनम्रता से भगवान को पुकारता है, तो वह निश्चित ही प्रभु की शरण पाता है। इसके बाद समुद्र मंथन की महागाथा प्रस्तुत की गई। मंथन से प्राप्त 14 रत्नों में से विशेष रूप से श्री लक्ष्मी का समुद्र से प्रकट होना और उनका भगवान नारायण से विवाह, भक्तों को भाव विभोर कर गया। कथा वाचक ने मोहिनी अवतार की कथा सुनाई, जिसमें भगवान ने मोहिनी रूप धारण कर असुरों को अमृत से वंचित कर देवताओं की रक्षा की।

कथा में आगे कथावाचक ने भगवान विष्णु के वामन रूप में अवतार का मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि माता अदिति के व्रत और तप से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया। उन्होंने राजा बलि से तीन पग भूमि का दान मांगा और फिर अपने विराट रूप में संपूर्ण लोकों को माप लिया। यह प्रसंग दान, तप और भक्ति के आदर्श को उजागर करता है। इसके बाद श्रीराम चरित्र की संक्षिप्त कथा सुनाई गई, जिसमें भगवान राम के जीवन के आदर्शों, मर्यादा, त्याग और धर्म के पालन को रेखांकित किया गया। उन्होंने कहा कि श्रीराम का चरित्र हर युग में जीवन जीने की सर्वोत्तम प्रेरणा देता है। कथा का समापन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव प्रसंग से हुआ। जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म की झांकी प्रस्तुत हुई, कथा स्थल 'नंद के आनंद भयो' के जयघोषों से गूंज उठा। कथा समाप्ति पर यजमान नन्दकिशोर रावत, मिथलेश, पुरुषोत्तम शर्मा, वंदना, मुकेश रावत, रविता, बृजेश मुखिया, बृजभूषण शर्मा, माता प्रसाद शर्मा, ललित मोहन, मयंक शर्मा, पवन, सुमित, अभिषेक, जयप्रकाश कटारा, मोहन प्रकाश, अजय मुद्गल, नितेश शर्मा, नवनीत त्रिपाठी, विष्णु शर्मा, चंद्रभान शर्मा सहित उपस्थित श्रोताओं ने भागवत पुराण की आरती की और प्रसाद का वितरण किया गया।

## मंदिर और किराना स्टोर पर चोरों का धावा, चांदी का मुकुट व डेढ़ लाख का माल साफ

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निसं.)।** डिग्गी रोड स्थित झाड़ला गांव में बीती रात चोरों ने श्री देवनारायण मंदिर और पास ही स्थित वैष्णव किराणा स्टोर को निशाना बनाकर नकदी व सामान पर हाथ साफ कर दिया। वारदात देर रात लगभग 1 बजे से 3 बजे के बीच होने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, अज्ञात चोर मंदिर में घुसकर भगवान देवनारायण जी का करीब 50 ग्राम वजनी चांदी का मुकुट, लगभग 300 ग्राम की चांदी की झालर, एक शंख स्टैंड, घी के पैकेट और घी की बाल्टी चोरी कर ले गए। इसी दौरान मंदिर की दानपेटी तोड़कर उसमें से करीब 10 से 15 हजार रुपये की नकदी भी निकाल ली गई। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर की दानपेटी में हर महीने लगभग 10 से 15 हजार रुपये की आवक रहती थी। इसी बीच चोरों ने मंदिर के पास स्थित वैष्णव किराणा स्टोर का शटर उचकाकर भीतर प्रवेश किया और वहां से करीब 1 से 1.5 लाख रुपये तक का किराना सामान, 6000 रुपये की चिल्लर तथा लगभग 10,000 रुपये की नकद राशि चोरी कर ली। सुबह जब ग्रामीण व दुकान संचालक ने मंदिर और दुकान के ताले टूटे देखे तो गांव में सनसनी फैल गई। चोरी की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। झाड़ला निवासी पुरुषोत्तम स्वामी (38) की रिपोर्ट पर माधोराजपुरा थाने में मामला दर्ज किया गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर साक्ष्य जुटाए। थानाधिकारी चंद्रभान के निर्देशन में हेड कॉन्स्टेबल राकेश कुमार को प्रकरण की जांच सौंपी गई है। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के साथ-साथ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। मामला सीसीटीएनएस पोर्टल पर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में आक्रोश व चिंता का माहौल है और लोग रात के समय गश्त बढ़ाने व सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग कर रहे हैं।

### अमित शर्मा ने किया कार्यग्रहण शांति व्यवस्था और महिला सम्बन्धित अपराधों पर त्वरित कार्रवाई प्राथमिकता

**धौलपुर(निसं.)।** निहालगंज थाना पर थानाधिकारी अमित शर्मा ने कार्य ग्रहण कर लिया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करना और महिला संबंधित अपराधों पर त्वरित कार्रवाई करना उनकी प्राथमिकता रहेगी तथा वांछित अपराधी जेल में रहेंगे।

कार्यग्रहण करने के बाद पुलिस कर्मियों से परिचय और निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में महिला हिंसा, मोबाइल क्राइम व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना ही उनका मकसद है। फरियादियों की समस्याओं का समाधान, पीड़ित को तुरंत न्याय दिलाना व अपराधियों पर शीघ्र

### देव डूंगरी पर चल रहे अवैध कटर बोर को बन्द करवाने व ब्लॉकों को निरस्त करवाने की मांग

**बिजौलियां(निसं.)।** तिलस्वां के ग्रामीणों ने तिलस्वां में देव डूंगरी पर चल रहे अवैध कटर बोर को बन्द करवाने व खनिज विभाग द्वारा बनाए गए ब्लॉकों को निरस्त करवाने की मांग को लेकर उपखण्ड अधिकारी ,पुलिस थाने व खनिज विभाग कार्यालय में ज़ापन सौंपा।ज़ापन में बताया कि तिलस्वां ग्राम में स्थित देवडूंगरी करीब 100-200 वर्षों से चरागाह के रूप में काम में ली जा रही हैं।तिलस्वां ग्राम के मवेशी यहां पर चरते हैं।साथ ही यहां पर पुराना देव मन्दिर भी बना हुआ हैं जहां नियमित पूजा-अर्चना की जा रही है। इस भूमि पर चारों तरफ चारदीवारी कर रखी हैं।उक्त भूमि की देख-रेख तिलस्वां के ग्रामवासियों द्वारा वर्षों से की जा रहीं।उक्त भूमि पर माइनिंग विभाग द्वारा ब्लॉक आवंटन किए गए हैं लेकिन अभी ब्लॉक होल्डर्स को एग्रीमेन्ट की अनुमति नहीं दी गई एवं न ही

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड चाकसू**

क्रमांक :- 1592 दिनांक :- 12.11.2025

**ई - निविदा सूचना संख्या 22 / 2025-26 प्रकाशन बाबत**

कुल 1 कार्य हेतु इच्छुक निविदादाताओं द्वारा दिनांक 22.11.2025 को निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा से संबन्धित अन्य विवरण राज्य की उपापन पोर्टल (http//eproc.rajasthan.gov.in, http//sppp.raj.nic.in) एवं विभागीय वेबसाईट http//pwd. rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते हैं। उपापन की अनुमानित लागत रूपये 12.00 लाख है।

UBN - PWD2526SLOB16701

DIPR/C/16639/2025

अधिशाषी अभियन्ता,
सा0नि0वि0 खण्ड - चाकसू

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
15 नवम्बर, 2025

# पंडित नेहरू को नमन कर मनाई जयंती


बिसाऊ


लक्ष्मणगढ़।


सरदारशहर।


सरदारशहर


चूरू


इस


चूरू


जयपुर


धौलपुर


मण्डावा।


धौलपुर


रतनगढ़


मण्डावा

जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ** बाल दिवस के अवसर पर न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल बिसाऊ में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों, उनकी संस्कृति और उनकी प्रतिभाओं को मान्यता देना था। संस्था निदेशक डॉ प्रताप सिंह सिहाग ने इस अवसर पर सभी बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी और बताया कि यह दिन हमें बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सोचने का अवसर प्रदान करता है। बाल दिवस हर साल 14 नवंबर को मनाया जाता है, जो स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन का महत्व बच्चों के प्रति प्यार और उनकी भलाई को प्रमोट करने में है। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, नृत्य, संगीत और खेल शामिल थे। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सभी का दिल जीत लिया। इस मौके पर विद्यालय की तरफ से बच्चों के लिए खाने की व्यवस्था की गई । कार्यक्रम का समापन एक सामूहिक गीत के साथ हुआ, जिसमें सभी बच्चों ने एकजुट होकर अपनी आवाज़ में गाया। इस प्रकार, न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल बिसाऊ में बाल दिवस का आयोजन एक सफल और यादगार कार्यक्रम बना, जिसने बच्चों की संस्कृति, प्रतिभा और अधिकारों को मान्यता दी। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

**लक्ष्मणगढ़**। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी व शहर कांग्रेस कमेटी लक्ष्मणगढ़ की ओर से शुक्रवार को स्थानीय कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई।कार्यक्रम में वक्ताओं ने नेहरू के राष्ट्रनिर्माण में दिए बहुमूल्य योगदान, पंचवर्षीय योजनाओं की आधारशिला रखने तथा वैज्ञानिक सोच और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला।वक्ताओं ने कहा कि नेहरू का जीवन दर्शन देशहित, समावेशी विकास और आधुनिक भारत की परिकल्पना से प्रेरित था। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र की उन्नति और जनसेवा के लिए समर्पित रहा।कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश सिहाग ने की। इस अवसर पर शहर पश्चिमी नगर अध्यक्ष चांद खां, पूर्व नेता प्रतिपक्ष शुभकरण बिबांल, शहर पूर्वी कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष मुकेश झाझोटिया, महामंत्री जाफर, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश कुमावत, सत्यनारायण बडगुर्जर, मनोज ढिकिया, धन प्रकाश मोदी, साजिद तगाला, अब्जल, नितेश बिबांल, फारुक चौहान, मुस्ताक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सरदारशहर**। शहर के शाकम्भरी विद्यापीठ शिक्षण संस्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं एसवीपी इंग्लिश एकेडमी में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था निर्देशक दिव्या गौड़ एवं संस्था प्रधान भरत गौड़ ने जवाहरलाल नेहरू के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने चाचा नेहरू पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें देशभक्ति से ओतप्रोत भाषण एवं गीत तथा चाचा नेहरू की वेशभूषा में मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। बच्चों की मासूमियत और ऊर्जा साफ़ दिखाई दे रही थी। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए संस्था प्रभारी आलोक सिंह ने बताया कि चाचा नेहरू का बच्चों के प्रति प्रेम, स्नेह एवं वात्सल्य उन्हें एक विशिष्ट व्यक्तित्व बनाता है। यही कारण है कि आज भी बच्चे उन्हें चाचा नेहरू के नाम से जानते हैं। चाचा नेहरू बनो प्रतियोगिता में अर्जुन भोजक ने प्रथम, अरविंद सिंह ने द्वितीय एवं धनिष्ठा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने कहा कि पंडित नेहरू का मानना था कि बच्चे देश का भविष्य हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमें हर बच्चे को प्यार, सुरक्षा और अच्छी शिक्षा प्रदान करनी चाहिए ताकि वे एक सशक्त नागरिक बन सकें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की ओर से सभी बच्चों को चॉकलेट और उपहार वितरित किए गए। विद्यालय परिसर दिन भर बच्चों की हँसी और उत्साह से गूंजता रहा। जिसने इस खास दिन को यादगार बना दिया। विद्यालय प्रशासन ने इस तरह के आयोजन पर शिक्षकों व छात्रों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रकाश नाई और आनंद मीणा ने किया।

**सरदारशहर** शहर के विधायक आवास पर कांग्रेस कार्यालय में आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारतरत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि व श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया। कांग्रेस नेता उमरदीन सैयद व सेवादल जिलाध्यक्ष संजय दीक्षित ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पंडित नेहरू ने देश हित में किए गए कार्यों एवं उनकी स्मृतियों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया गया है। इस अवसर पर देहात ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गाराम पारीक, महावीर माली, फारुख व्यापारी, लालबहादुर सेवदा, नवाब खान, नूर मोहम्मद खोखर, मनफूल खान फौजी, ओमप्रकाश मेघवाल, सोयब बिसायती, रिजवान सैयद, मोतीलाल जाखड़, बालचन्द सेवदा, गंगाराम मेघवाल, पवन शर्मा, रोहिताश मीणा, सोनू सोनी, कन्हैयालाल भोजूसर, वासुदेव शर्मा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**चूरू** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रतन पंडित जवाहर लाल नेहरू की 136वी जयंती चूरू जिला मुख्यालय स्थित शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू में श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेष कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सांप्रदायिकता के खिलाफ संघर्ष और संविधान व संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा का संकल्प लिया। राजस्थान प्रदेष कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने नेहरू को बच्चों का प्रिय चाचा नेहरू बताते हुए उनके त्याग और संघर्ष को याद किया। उन्होने कहा कि संपन्न परिवार से होने के बावजूद उन्होने सादगीपूर्ण जीवन अपनाया और स्वतंत्रता संग्राम में नौ वर्ष जेल में बिताए। उनके परिवार की तीन पीढियों ने आजादी की लडाई में योगदान दिया। स्वतंत्रता के बाद नेहरू ने आधुनिक भारत की नींव रखी, जिसके लिए वे आज भी इतिहास में जीवित है।

इस अवसर पर शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहात ब्लॉक अध्यक्ष किषोर धान्धू, किसान नेता आदूराम न्यौल, जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान, नारायण बालाण, अबरार खां, विमल शर्मा, आरिफ रिसालदार, षिवकुमार शर्मा, सुषील स्वामी, तारीक नागौरी, ताराचंद बांठिया, कृष्ण सुण्डा, विनोद खटीक, सुषील मेघवाल, संजय भाटी, विनोद शर्मा, जाफर खां, संजय भाटी आदि मौजूद रहें।

**चूरू** राजस्थान महिला कल्याण मंडल चूरू की परियोजना एक्सेस टू जस्टिस फ़ोर चिल्ड्रन फ़ेस-4 की टीम के द्वारा चूरू के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खंडवा पट्टा , सेठ प्रेमसुख दास लोहिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेहला ,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुचावास, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पूलासर में बाल अधिकार सप्ताह के चलते व विशेष पंडित जवाहर-लाल नेहरू के जन्मदिन पर बनाए जाने वाले राष्ट्रीय बाल दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किए गए जिला समन्वयक रुकैया पठान के नेतृत्व में सभी छात्र-छात्राओं को बाल अधिकार व बाल संरक्षण के अंतर्गत जानकारी दी। जिसमें बाल विवाह,बाल दुर्व्यवहार,बालश्रम,लेगिंग अपराधों से बालक-बालिकाओं का संरक्षण, सुरक्षित ,असुरक्षित स्पर्श से संबंधित जानकारी दी गई तथा इनसे संबंधित कानूनों के बारे में बताते हुवे सजा के क्या प्रावधान के बारे में बताया। संस्था की फ़ील्ड कोर्डिनेटर सुमन चोपड़ा के द्वारा बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुवे जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं से सामान्य ज्ञान की प्रश्नोतरी करवाई गई जिसमें 80 बालक बालिकाओं ने भाग लिया और प्रथम द्वितीय तृतीय के आधार पर उन्हें पुरस्कृत किया गया। संस्था के टीम सदस्य जयकरण कांटीवाल, पूनम प्रजापत द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्था की वह बच्चों को गेम खिलाएं। विजेता बच्चों को संस्था की टीम के द्वारा पुरस्कार दिया । विद्यालयों के प्राचार्य द्वारा संस्था की भूरी भूरी प्रशंसा की गईं । संस्था को धन्यवाद के रूप में प्रत्येक विद्यालय से प्रशंसा पत्र दिया गया।

**जयपुर** सूर्या उदय संस्था, जयपुर की ओर से शुक्रवार को बाल दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया । सभी बच्चों को हेल्थ पर चर्चा की गई । सूर्या उदय संस्था की अध्यक्ष शोभल सिंह ने बताया की हमारे आने वाली पीढ़ी को शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए संस्था कार्य कर रही है । आज बरोड़िया बस्ती , जयपुर शहर में सरकारी स्कूल में चलने वाली आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर बच्चों के बीच बाल दिवस मनाया।

**रतनगढ़** स्थानीय चूरू जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष इंद्रराज खीचड़ के नेतृत्व में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में उनके चित्र पर पुर्षांजलि अर्पित कर मनाई।श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए इन्द्र राज खिचड़ ने बताया कि पंडित नेहरू ने भारत की स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा पंडित नेहरू ने अपने जीवन काल में लोकतांत्रिक सिद्धांतों का प्रचार किया तथा पूरे विश्व को शांति का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर ज़िला संगठन महा मंत्री उम्मेद सिंह राठौड़, जिला कोषाध्यक्ष राम नारायण व्यास ,कल्याण सिंह शेखावत,प्रवक्ता अनवर कुरैशी ,भंवर लाल जैसेल ,महेन्द्र सैनी ,विक्रम पाल थालोड,मुकेश सोनी,जाकिर काजी ,बनवारी लाल महर्षि,नवीन वर्मा,सूरज बिजारनीया कुतुबुद्दीन पठान , सहित दर्जनों कार्यकर्ता ने पंडित नेहरू को श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया।

**मण्डावा** 'बच्चे देश का भविष्य हैं।' हमें बच्चों को अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य प्रदान करने के लिए काम करना चाहिए, क्योंकि वे राष्ट्र की रीढ़ हैं। ऐसे विचार रखने वाले देश के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू का जन्मदिन आज हर्षोल्लास के साथ पूनम बालिका महाविद्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्य नीतू ढाका ने कहा कि देश को स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में नेहरू का साथ मिला। उस समय के हालातों को सम्पूर्ण भारत जानता है। फिर भी अपनी दुरदर्शी सोच,पंचवर्षीय योजना आदि के माध्यम से आगे ले जाने वाले वो ही थे। इस अवसर पर हिंदी विभाग के जयप्रकाश सोनी ने कहा कि सौ वर्षों की गुलामी के बाद जो हालात देश में थे उनका सामना करना और उस अविकसित भारत को आगे बढ़ाना चुनौतीपूर्ण था। उस समय देश की बागडोर संभालना हर किसी के वश में नहीं था उस समय नेहरू जी ने ही प्रथम प्रधानमंत्री बनना स्वीकार किया। देश को पंच वर्षीय योजना के द्वारा आगे बढ़ाया। उनको बच्चे बहुत प्यारे थे। और बच्चे उनको चाचा कह कर पुकारते थे। इसीलिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाते है। इस अवसर पर छात्राओं ने कविता,भाषण आदि प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में लोकेन्द्र सिंह,आकांक्षा शर्मा, भारती बुंदेला, कोमल शर्मा, संदीप कुमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद थे। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त छात्राओ को जलपान करावाया गया। निदेशक प्रवीण बगड़िया ने सभी का आभार प्रकट किया।

**मण्डावा**। शहीद रामेश्वर सिंह मेमोरियल उमावि, मण्डावा में आज शुक्रवार को भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 136वीं जयंती पर बाल मेला आयोजित किया गया। स्कूल निदेशक महेश गढ़वाल ने नेहरू जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर मेमोरियल स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए। जिनका महेश गढ़वाल ने फीता काटकर उदघाटन किया । इनमें इडली, दही बड़ा, काजी बडा, डोसा, पानी पुरी, हलवा, छोला, जलेबी, फल, समोसा, चाउमीन, सैंडविच, मंचूरियन, टॉफी, बिस्किट और भेलपुरी जैसे लजीज व्यंजन शामिल थे। ये स्टॉल मेले का मुख्य आकर्षण रहे। अध्यापकों और अभिभावकों ने इन स्टॉलों से खरीदारी की और छात्रों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का स्वाद चखा। छात्र इन स्टॉलों पर दुकानदार की भूमिका में थे, जबकि अभिभावक और अध्यापक ग्राहक बने। प्रधानाचार्या पूनम गढ़वाल ने बेहतर स्टॉल लगाने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को हुआ था। बच्चों के प्रति उनके गहरे लगाव के कारण उन्हें 'चाचा नेहरू' भी कहा जाता है।उन्होंने यह भी कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से गहरा लगाव था, जिस कारण उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया जाता है। इस अवसर पर अभिभावक, स्टाफ, बच्चे और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


**धौलपुर** जिले के निजी टैगोर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने आज बाल दिवस के मौके पर शहर के प्रसिद्ध तीर्थराज मचकुंड का शैक्षणिक भ्रमण किया बाल दिवस के मौके पर आयोजित किए गए इस भृमण में स्कूल के सभी बच्चों ने भाग लिया स्कूल के संचालक हिमांशु पटेल ने बताया कि बाल दिवस के मौके पर बच्चों को जिले के ऐतिहासिक तीर्थराज मचकुंड और अबदाल शाह बाबा की मजार के साथ साथ लोंगपुर के पहाड़ पर भ्रमण किया स्कूली छात्रों को जिन स्थलों पर भृमण कराया गया जहां सभी बच्चों को सभी स्थलों के इतिहास के बारे में भी जानकारी दी गई स्कूल संचालक हिमांशु पटेल ने बताया कि छात्रों ने भी दर्शनीय स्थलों को देखकर उसके इतिहास से जुड़े हुए कई सवाल भी पूछे विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ स्कूल स्टाफ भी शैक्षिक विभाग के दौरान मौजूद रहा है स्कूल स्टाफ की ओर से बच्चों के सभी सवालों का बखूबी ए जवाब दिया गया इस मौके पर महेंद्र गुर्जर, सुनील कुमार,मनीष काकोलिया, परसादी लाल, आयुषी बंसल और राखी सहित पूरा स्कूल स्टॉफ मौजूद रहा

**धौलपुर** राष्ट्रीय बाल दिवस एवं विधिक सेवा दिवस के अवसर पर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धौलपुर के निर्देशानुसार कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, मरैना में गुरुवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रेखा यादव ने की। सचिव रेखा यादव ने बालिकाओं को राष्ट्रीय बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि यह दिवस पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर मनाया जाता है तथा बच्चों के अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रतीक है। उन्होंने नालसा की बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं स्कीम-2024 एवं स्कूल छोड़ने वाले एवं वंचित बच्चों के लिए विधिक सहायता योजना-2025 की जानकारी देते हुए कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य बच्चों को सुलभ एवं प्रभावी विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। यादव ने बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986/संशोधन 2016 के तहत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का काम कराना अपराध बताया तथा 14 से 18 वर्ष के किशोरों को खतरनाक उद्योगों में कार्य कराने पर दंडनीय प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने पोक्सो अधिनियम, 2012, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 एवं मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के प्रमुख प्रावधानों को सरल भाषा में समझाया। सत्र के दौरान बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, साइबर अपराध, बाल विवाह के दुष्परिणाम, मीडिएशन फॉर द नेशन अभियान, राष्ट्रीय लोक अदालत, नालसा हेल्पलाइन 15100, नालसा व रालसा की विभिन्न योजनाओं तथा 'न्याय आपके द्वार' व सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में प्रिंसिपल अतुल चौहान, शिक्षक गीता सिंह, रतनी कौशल, स्टेनो राहुल डंडौतिया एवं वरिष्ठ सहायक जगदीश सिंह जादौन सहित स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

**धौलपुर** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार बाल दिवस के अवसर पर बाल सम्प्रेक्षण गृह, धौलपुर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड श्रीमती नीतू ने की। नीतू ने बच्चों को संबोधित करते हुए नैतिक मूल्यों, अनुशासन, स्वच्छता और शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अच्छी आदतें, समय पर पढ़ाई, स्वच्छ जीवनशैली और बड़ों का सम्मान बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं। साथ ही बच्चों को अपने अधिकारों और दायित्वों के प्रति जागरूक रहने, बाल श्रम, बाल अपराध और किसी भी प्रकार के भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने तथा दूसरों के प्रति संवेदनशील रहने की समझ दी गई। उन्होंने बताया कि बाल दिवस हर वर्ष 14 नवम्बर को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर मनाया जाता है। नेहरू जी बच्चों से गहरा स्नेह रखते थे और मानते थे कि आज के बच्चे, कल के भारत के निर्माता हैं, इसी कारण बच्चे उन्हें प्यार से 'चाचा नेहरू' कहकर पुकारते थे। शिविर में बाल दिवस के इतिहास पर भी प्रकाश डाला गया। बताया गया कि भारत में प्रारंभिक दौर में 20 नवम्बर को संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यूनिवर्सल चिल्ड्रन्स डे के रूप में बाल दिवस मनाया जाता था, लेकिन नेहरू जी के निधन (27 मई 1964) के बाद उनकी जयंती 14 नवम्बर को राष्ट्रीय बाल दिवस के रूप में समर्पित किया गया। इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य राकेश परमार, अजय कुमार, महेन्द्र सिंह, अधीक्षक मुरारीलाल मीणा, संजय सिंह, श्रीमती उषा यादव, केयर टेकर राकेश कुमार शर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## विधिक जागरूकता शिविर एवं रैली का किया आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू के निर्देशानुसार बाल दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति एवं केम्ब्रिज कॉन्वेन्ट स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में विधिक जागरूकता शिविर एवं रैली का आयोजन किया गया। माननीय रालसा द्वारा संचालित विशेष अभियान न्याय आपके द्वार- लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ और त्वरित समाधान का रैली द्वारा प्रचार-प्रसार किया गया एवं उपस्थितगण को स्थायी लोक अदालतों के माध्यम से जन उपयोगी सेवाओं संबंधी समस्याओं के त्वरित, सस्ता एवं सुलभ समाधान के बारे में एवं विद्यार्थियों को बालकों के लिए बने कानून और उनके अधिकारों की विधिक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर तालुका अध्यक्ष एडीजे डॉ नरेन्द्रसिंह राठौड़, एसीजेएम नवदीप, जेएम निधि बेनीवाल, एसडीएम रामकुमार वर्मा, अपर लोक अभियोजक पवन सैनी, बार संघ अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह, निवर्तमान अध्यक्ष दिलीपसिंह, पैनल अधिवक्ता संदीप भोजक, श्रवणसिंह राठौड़, ओमप्रकाश बेनीवाल, जगदीश प्रसाद माली एवं अधिवक्ता सीताराम स्वामी, नरेश भाटी, रूपचंद सोनी, आदेश सींवर, अजय सारण, प्रदीप बेनीवाल, राकेश सैनी एवं अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## भगवान की नजरों से कोई छुपा नहीं है, सबका ध्यान भगवान रखतें हैं - ब्रह्मानंद सरस्वती



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में लोकरंजन परिषद् के शताब्दी वर्ष पर आयोजित मद्भागवत कथा ज्ञान का कथा का वाचन परम श्रद्धेय दण्डीस्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि आपके द्वारा छोटा से छोटा किया अपराध ईश्वर से छिपा नहीं रहता वह सभी देखता है। जिसकी भी सजा जरूर मिलती है। जो आनंद भक्ति में है वो अन्य कहीं नही मील सकता। माताऐं, बहने और पुरुष भगवत कथा में ईश्वर से प्रेम नहीं करते वह कभी सफल नही हो सकते। कथा यजमान चिमनलाल, प्रवीण कुमार बुच्चा द्वारा व्यास पीठ की पुजा कर कथा का शुभारंभ किया गया। कथा के सफल संचालन में बंशीधर बोहरा, आशोक महर्षि, अभयशील सोनी, कार्यक्रम संयोजक बालकृष्ण कोशिक, उपाध्यक्ष शोभाकान्त स्वामी, शंकरलाल प्रेमाणी, शम्भूदयाल पारीक, ओमप्रकाश सोनी, ओमप्रकाश जोशी, प्रमोद जोशी, मुखराम नाथोलिया, ओमप्रकाश तिवारी, दुर्गाप्रसाद चोटिया, माणकचन्द भाटी एडवोकेट, महावीर प्रसाद माली, बाबुलाल प्रजापत पार्षद, पूनमचंद पारीक, मदनलाल परीक आदि व्यवस्था में लगे हुए हैं। उपाध्यक्ष शोभाकान्त स्वामी ने शहरवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## बिहार में प्रचंड बहुमत आने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निसं.)।** कस्बे के पुराना बस स्टैंड पर बिहार में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी के नेतृत्व में आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। इस मौके पर पार्षद सांवरमल नाई, मंडल महामंत्री गोपाल प्रजापत, हुक्मीचंद गुसाईवाल जयप्रकाश दर्जी, विमल टेलर, पुसराज राठी, जुल्फिकार रिनिवाल, सुरेंद्र सुथार, श्रीकृष्ण तेजस्वी, मोहनलाल राठी, मन्नालाल नाई, धनराज नाई, राजेश बेंगाणी आदि उपस्थित थे।

## बिहार की जीत पर भाजपाईयों ने मनाया जश्न



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बिहार चुनावों में भाजपा और एडीए को मिले एतिहासिक बहुमत के बाद स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक में आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाईयां खिलाई और खुशी का इजहार करते हुए नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया और पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कहा कि बिहार फतेह करने के बाद अब भाजपा का टारगेट बंगाल है और बंगाल में भी भाजपा बहुमत की ओर बढ़ेगी। इस दौरान पार्षद हरीओम खोड़, पार्षद पंकज घासोलिया, पार्षद रेंवतमल पंवार, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, गिरधारीलाल बुगालिया, विश्वदीपक काछवाल, भागीरथ करवा, बसंत दाधीच, वैद्य भंवरलाल शर्मा, भंवरलाल बिजारणिया, प्रहलाद जाखड़, मुरारी, गणेश मंडावरिया, गौरव, प्रियांशु लड़ा सहित अनेक भाजपा नेता व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# नानी बाई के मायरे की कथा के तीसरे दिन की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रोतागण





जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील के जयसंगसर गांव के खेत्रपालजी दादोजी मन्दिर में चल रहे नानी बाई के मायरे की कथा के तीसरे दिन कथावाचक संत शंकर दास जी महाराज ने अनेक प्रसंगों का वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। समाजसेवी दीपू जेसनसरिया ने बताया कि इस कथा का मुख्य उद्देश्य गौसेवा करना है। कथा के दौरान जो भी चढ़ावा राशि आएगी उसे गौ सेवा के उपयोग में लिया जाएगा। संत शंकरदास जी महाराज ने शुक्रवार को कथा का वर्णन करते हुए कहा कि ज्यों ही नानी बाई को अपने पिता नरसी मेहता के अंजार नगर में आने का पता चलता है तो वह हर्ष में उनसे मिलने जाती है। मगर मिलने जाने से पूर्व अंजार नगर स्थित श्रीरंग सेठ के परिवार की ओर से नरसी मेहता की गरीबी पर दिए गए तानों से नानी बाई को हुई पीड़ा और उसकी छटपटाहट उसे इस कदर परेशान कर देती है कि वह अपने पिता से मिलने के दौरान नरसी मेहता को ही अनेक पीड़ादायक बातें कहने पर मजबूर होती है। नानी बाई कहती है कि यदि आज उसकी मां जीवित होती तो निश्चित ही वह उसके लिए दो जोड़ी कपड़े तो अवश्य लाती, मगर वह तो बिल्कुल खाली हाथ आए हैं। इससे ससुराल पक्ष को उसे व उसके पिता नरसी मेहता को बुरा भला कहने का अवसर मिला है। इसी क्रोध की अवस्था में नानीबाई अपने पिता से कहती हैं कि जिस श्रीहरि पर उन्हें ज्यादा भरोसा है तो उसे सहायता के लिए अभी क्यों नहीं बुलाते। इस पर नरसी मेहता अपने प्रभु पर पूरा भरोसा करते हुए कहते हैं कि वह उनकी सहायता करने अवश्य आएंगे। नरसी मेहता अपनी बेटी नानी बाई से कहते हैं कि वह अपने ससुराल पक्ष के लोगों से एक और पत्र लिखवाए, जिसमें अनेक कीमती वस्तुओं की मांग हो। इस बात का ससुराल पक्ष में मजाक बनता है। नानी बाई परेशान होकर पानी भरने जाती हैं और एक पेड़ पर बैठे तोते से कहती हैं कि जरा ऊंची टहनी पर बैठकर दूर से देखकर बताओ कि कहीं से मेरे भाई श्रीकृष्ण की आहट तो नहीं सुनाई पड़ रही। तोते ने कहा कि किसी रथ के आने से उड़ने वाली धूल की स्थिति से पता चल रहा है कि कोई रथ आ रहा है और रथ में द्वारकाधीश श्रीकृष्ण अपनी रानी रूकमणि के साथ बैठे हैं। वहीं खाती के रूप में भी श्रीकृष्ण भी नरसी के समक्ष आते हैं और अपने प्रभाव से नरसी मेहता के साथ आए सभी नेत्रहीनों को उनके नेत्र लौटा देते हैं। वहीं नानीबाई अपने भाई श्रीकृष्ण द्वारा उनकी सहायता करने के लिए आने पर उनसे कहती हैं कि वह परंपरागत तौर पर ससुराल पक्ष को वही चीजें दे दें जो जरूरी हों। मगर श्रीकृष्ण नानीबाई से कहते हैं कि घबराने की जरूरत नहीं केवल तुम्हारे ससुराल पक्ष के लोगों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे गांव के सभी लोगों के लिए भी भरपूर वस्तुएं उपलब्ध हैं। वहीं शनिवार को भगवान द्वारा नानी बाई के मायरा भरने की कथा सुनाई जाएगी।

## बीडीके अस्पताल में रंगे हाथों पकड़ा चोरः वृध्द महिला का पर्स चुराकर भागने की कोशिश, गार्ड की सतर्कता से गिरफ्तार, महिला रुपए लेकर गायब

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल में शुक्रवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक भीड़ के बीच एक वृद्ध महिला का पर्स चोरी करते हुए पकड़ा गया। अस्पताल में तैनात गार्ड ने मौके पर सतर्कता दिखाते हुए आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़ा गया युवक रामकिशन पुत्र राजू भाई मूल रूप से गुजरात का रहने वाला बताया जा रहा है और इन दिनों जयपुर से झुंझुनूं आया हुआ था। जानकारी के अनुसार बीडीके अस्पताल के ओपीडी क्षेत्र में भीड़ का फायदा उठाते हुए युवक ने एक वृद्ध महिला के बैग से पर्स निकाल लिया। पर्स में रखे 1500 रुपये चोरी कर लिए। चोरी होते ही महिला ने शोर मचाया, जिसके बाद अस्पताल का गार्ड अलर्ट हुआ और उसने आरोपी को पकड़ लिया। बाद में उसे कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना के संबंध में कोतवाली थाने के हेडकांस्टेबल



महावीर प्रसाद बीडीके अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि उन्हें अस्पताल से चोरी की सूचना मिली थी, जिस पर वे मौके पर पहुंचे और आरोपी युवक को डिटेन किया। फिलहाल चोरी के पूरे मामले की जांच की जा रही है। वृद्ध महिला कमलेश बीडीके अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने आई थीं। उसने ने बताया कि उन्होंने अपने बैग में 1500 रुपए रखे थे। जैसे ही उन्हें पर्स गायब मिला, उन्होंने शोर मचाया। इसी दौरान गार्ड ने आरोपी को पकड़ लिया। महिला ने यह भी बताया कि आरोपी ने पैसे निकालकर पहले तो उन्हें वापस दिए, लेकिन रुपए हाथ में आते ही वह खुद भी अस्पताल से गायब हो गई।

## ऑडियो में आई एईएन द्वारा थप्पड़ मारने की बात सामने, अब कहा कार्यवाही नहीं चाहता

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पंचायत समिति में कार्यरत सहायक अभियंता जुगल किशोर जाटोलिया के साथ हुई कथित मारपीट व गाली गलोच के प्रकरण में नया मोड़ आ गया है। जिसके तहत चाबी दिए जाने के विवाद को लेकर एक ऑडियो सामने आया है। ओडियो में खुड़ी ग्राम पंचायत के प्रशासक नवीन सिलू और सहायक अभियंता जुगल किशोर की बातचीत रिकार्ड है, जिसमें सहायक अभियंता से कहा गया है कि आप इतने बड़े आदमी नहीं हैं किसी बात को लेकर थप्पड़ मार दें। जिस पर पहले थप्पड़ मारने की बात सहायक अभियंता स्वीकार करते सुनाई दे रहे हैं। दूसरी ओर नवीन सिलू द्वारा ये पूछे जाने पर कि आपको लगी है क्या, इस पर सहायक अभियंता द्वारा यह कहा जाता है कि मुझे भी नहीं लगी और उसे भी नहीं लगी। जिस पर बात खत्म करने की बात कही जाती है। इस पर गुरूजी को फोन करने की बात को लेकर भी चर्चा होती सुनाई दे रही है। जिस पर सहायक अभियंता युवक को थप्पड़ मारने के आरोप को स्वीकार करते और सोरी कहते सुनाई दे रहे हैं। हालांकि इस ऑडियो की पुष्टि हम लोग नहीं कर रहे हैं। दूसरी ओर प्रशासक नवीन सिलू ने बताया कि मेरा इस घटना से कोई लेना देना नहीं है। वहीं पुलिस थाने में दिए गए परिवाद में परिवादी द्वारा कार्यवाही नहीं चाहने की बात कही गई है। दूसरी ओर पंचायत समिति के विकास अधिकारी को दिए गए स्पष्टीकरण में प्रशासक नवीन सिलू ने कहा है कि सहायक अभियंता के साथ मारपीट की घटना असंभव है, क्योंकि हम लोग लोक सेवक की गरिमा को अच्छी तरह से समझते हैं। जवाब में बताया गया है कि मेरे और पंचायत समिति के किसी भी कार्मिक के मध्य आज तक कोई विवाद नहीं हुआ है। सिलू ने विकास अधिकारी पर आरोप लगाया है कि आपने बेवजह मीटिंग बुलाकर कर्मचारियों को मेरे खिलाफ प्ररित किया और बेवजह मुझे बदनाम करने की कोशिश की। सिलू ने बताया है कि मैं अन्य प्रशासकों की तरह किसी भी प्रकार का पैसा या रिश्वत सरकार कार्यों की एवज में देने में असमर्थ हूं और आपने जो कार्य मेरे खिलाफ करवाया है, वो न्याय संगत नहीं है। दूसरी ओर इस मामले में अपने आपको पीड़ित बताने वाले सहायक अभियंता जुगल किशोर द्वारा भी विकास अधिकारी को लिखित आवेदन देकर बताया गया है कि कार में बैठे लोग आपस में ही गाली गलोच कर रहे थे, लेकिन मुझे लगा कि मुझे गाली दी गई है। हमारी कहासुनी हुई थी, लेकिन अब मुझे कोई शिकायत नहीं है।

## गांधी चौक में महिलाओं के लिए बन रहा आधुनिक शौचालय



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गांधी चौक में महिलाओं की सुविधार्थ शौचालयों का निर्माण किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के स्थानीय प्रभारी इंजीनियर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इसमें 6 सीटें लगने वाली है और आने वाले तीन महीनों में इसका निर्माण कार्य आधुनिक रूप से तैयार कर महिला शक्ति की सेवा में समर्पित किया जायेगा। प्रभारी ने बताया कि 21 लाख 84 हजार रूपयों की लागत से शौचालयों का निर्माण करवाया जा रहा है, जिसमें सेनेट्री की सुविधाएं भी होने वाली हैं। व्यस्ततम बाजार और गांधी चौक, घंटाघर, सब्जी मंडी क्षेत्र में महिलाओं को शौचालय नहीं होने के कारण अत्यधिक दिक्कत हो रही थी। इसको मध्यनजर रखते हुए निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान के तहत इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। निर्माण कार्य जारी है।

## गीता प्रतियोगिता का सफल आयोजन, बच्चों ने सुनाए श्लोक

### शिवजी सेवा संस्थान में 270 बच्चों को सिखाए गए 12 अध्याय के 10 श्लोक



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** शिवजी सेवा संस्थान में गीता प्रचार समिति के अध्यक्ष महेश जोशी के मार्गदर्शन में संत श्री प्रहलाद महाराज के सान्निध्य में चल रहे सात दिवसीय गीता शिक्षण शिविर का कल समापन हो गया। इस शिविर में कुल 270 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इन सात दिनों के दौरान, बच्चों को श्रीमद्भगवद्गीता के बारहवें अध्याय के 10 श्लोक और नित्य पठनीय गीता जी के 5 श्लोक कंठस्थ करवाए गए। गीता प्रचार समिति के अध्यक्ष महेश जोशी ने बताया कि शिविर के अंतिम दिन, कल गीता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बच्चों से याद किए गए गीता के श्लोक पूछे गए। बच्चों ने पूर्ण आत्मविश्वास और शुद्ध उच्चारण के साथ श्लोकों का पाठ किया, जिसे देखकर सभी उपस्थित जन भावविभोर हो गए। संत श्री प्रहलाद महाराज ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को पारितोषिक (पुरस्कार) देकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों के प्रयास की सराहना की और उन्हें जीवन में गीता के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस सफल आयोजन से बच्चों में धार्मिक और आध्यात्मिक ज्ञान के प्रति गहरी रुचि देखने को मिली।

# तोदी कॉलेज की टीम रही उपविजेता

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर की ओर से आयोजित अंतर महाविद्यालय महिला वर्ग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भगवानदास तोदी महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान हासिल किया। यह प्रतियोगिता श्री कल्याण राजकीय महाविद्यालय, सीकर में आयोजित हुई।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत ने बताया कि टीम ने सभी प्रतिद्वंद्वी कॉलेजों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा ममता जांगिड़ पुत्री महेश कुमार ने शानदार खेल कौशल का परिचय देते हुए विश्वविद्यालय टेबल टेनिस टीम में स्थान बनाया, जो महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है।इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. नाथावत, एडमिन प्रमेंद्र सिंह शेखावत, शारीरिक शिक्षक लिछमण सिंह, सुरेंद्र सिंह, स्टाफ सदस्य पंकज शर्मा, डॉ. आनंद शर्मा, लेफ्टिनेंट (डॉ.) नरेश कुमार वर्मा, प्रेम सिंह, महेश कुमार अग्रवाल, डॉ. राशिद अली एवं समस्त स्टाफ ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जल संरक्षण के प्रति महिलाओं को किया जागरूक, जल बचाने में महिलाओं की अहम भूमिका



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना आरयूआईडीपी चतुर्थ चरण के तहत सरदारशहर में पेयजल वितरण प्रणाली को और बेहतर बनाने के लिए जनजागरूकता गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को सोमनाथ जी मंदिर के पीछे आंगनवाड़ी केंद्र पर महिलाओं को नए पानी के मीटर के फायदे, रखरखाव और जल संरक्षण के तरीकों की जानकारी दी गई। आरयूआईडीपी के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में सहायक सामाजिक विकास अधिकारी विकास शर्मा ने बताया कि नई जल आपूर्ति व्यवस्था से घरों तक पूर्ण दबाव से पानी पहुंचेगा। जिससे बूस्टर पम्प लगाने की जरूरत नहीं रहेगी। साथ ही समय की बचत होगी और भविष्य में लोगों को सतत जल आपूर्ति का लाभ मिलेगा। उन्होंने नए जल कनेक्शन की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। सोशल आउटरीच टीम के पवन सिंह ने महिलाओं से परियोजना कार्यों में सहयोग करने का आग्रह किया ताकि कार्य समय पर पूरे हों और आमजन को लाभ मिल सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने भाग लेकर जल संरक्षण का संकल्प लिया।

## शिविर में की गई 257 लोगों की जांच

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय सुजानमल बगड़िया अस्पताल में विश्व मधुमेह दिवस पर हृदय रोग, डायबिटिज, हाईपरटेंशन के मरीजों का स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया गया। जिसमें कुल 257 लोगों की जांच की गई। नोडल अधिकारी डॉ. विवेक सोनी ने बताया कि शिविर में आए लोगों को शराब का सेवन नहीं करने, अनुचित आहार का नहीं सेवक करने, फल व सब्जियों को वरीयता दिए जाने के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए स्वस्थ जीवन जीने की अपील की गई।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)**
Tel. 01562-250343, e-mail - eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in
No:- 2173-2186 Date 11.11.2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 28/2025-26 Annual Rate Contract for Maintenance of Tube Wells/Open Wells in Rural Area under the jurisdiction of PHED Divison Churu, District-Churu are invited form interested bidders upto 25-11-2025 (17:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http://sppp.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit no 28/2025-26 Rs. 50.00 Lacs.
UBN No.PHE 2526WSRC 08406 RS 50.00 Lacs.

DIPR/C/16714/2025 **Executive Engineer, PHED Division Churu**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)**
Tel. 01562-250343, e-mail - eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in
No:- 2143-57 Date :10.11.2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 25/2025-26 Work for Shifting/Deepning of Pipeline & sluice valve chamber near Sirsala railway station due to Doubling of Churu-sadulpur railway track under CBP sub div. churu Nit no 26/2025-26 SUPPLY OF CID JOINTS FOR HDPE PIPES in div store Churu and Nit no 27/2025-26 SUPPLY OF CID JOINTS FOR PVC PIPES in div store Churu are invited form interested bidders upto 18-11-2025 (03:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http://sppp.rajasthan.gov.in, http:// Eproc. rajasthan. gov. in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit No 25/2025-26 Rs. 0.73 Lacs Nit No 26/2025-26 Rs. 07.00 Lacs. And Nit No. 27/2025-26 Rs 07.00 Lac.
UBN No. PHE2526WSOB08360 RS 7.73 Lac
UBN No. PHE2526GSRC08364 RS 7.00 Lac
UBN No. PHE2526GSRC08365 RS 7.00 Lac

DIPR/C/16688/2025 **Executive Engineer, PHED Division Churu**

**SE CUM PROJECT MANAGER, WCDC, WATERSHED DEVELOPMENT & SOIL CONSERVATION, CHURU**
E-mail IDÑ- SEWDSC.CHURU@RAJASTHAN.GOV.IN
क्रमांक : एफ3 ()7 अ.अ/डब्ल्यूसीडीसी / चूरू /निविदा/2025-26/1911-16 दिनांक : 12/11/2025

**NOTICE INVITING BID**
**E-NIT No 16/ YEAR 2025-26**

Bids for Watershed Development Works are invited from interested bidders up to 05.00 PM on 25.11.2025 as per following details. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https// eproc. rajasthan. gov.in or https//sppp.rajasthan.gov.in or https//watershed.rajasthan.gov.in) bof the state departmental website.

Please Publish in One State Level & One Regional/Local daily News Paper (As per Rule) in Minimum Space.

| S.No. | Block | NIB Code | UBN Code |
|---|---|---|---|
| 1 | Bidasar | WSC2526A0960 | WSC2526WSRC01628 |
| 2 | Churu | WSC2526A0960 | WSC2526WSRC01629 |
| 3 | Rajgarh | WSC2526A0960 | WSC2526WSRC01630 |
| 4 | Ratangarh | WSC2526A0960 | WSC2526WSRC01631 |
| 5 | Sujangarh | WSC2526A0960 | WSC2526WSRC01632 |
| 6 | Taranagar | WSC2526A0960 | WSC2526WSRC01633 |

DIPR/C/16659/2025 **S. E& P. M WCDC, Churu**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि खण्ड राजगढ़ (चूरू)**
क्रमांक: 1722-31 दिनांक :- 07.11.2025

**ई - निविदा सूचना संख्या : 11/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील राजगढ जिला चूरू में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http//dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in http//www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. PWD2526A4254

| W.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB16570 |

DIPR/C/16643/2025 **अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि खण्ड राजगढ (चूरू)**

## बिहार में भाजपा का बहुमत आने पर तारानगर में मनाया जश्न

### कार्यकर्त्ताओं तहसील कार्यालय के आगे पटाखे फोड़े




जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** बिहार में भाजपा का बहुमत आने पर तारानगर के भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने भाजपा नेता राकेश जांगिड़ के नेतृत्व में कस्बे के तहसील कार्यालय के आगे जश्न मनाया। भाजपा शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल ने बताया कि बिहार में भाजपा का एक तरफा बहुमत आने पर कार्यकर्ता ने पटाखे फोड़े व मिठाई खिलाकर एक दूसरे को जीत की बधाई दी एवं पार्टी जिंदाबाद के जमकर नारे लगाये। जांगिड ने कहा कि बिहारवासियों ने जिस विश्वास के साथ भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देकर अपना आशीर्वाद दिया है, उससे यह स्पष्ट होता है कि जनता भाजपा और नरेंद्र मोदीज के साथ है तथा राज्य के विकास में उनकी उम्मीदें भाजपा नेतृत्व से जुड़ी हुई हैं। इस मोके पर भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निसं.)** तहसील के ग्राम गुसांईसर स्थित आयुर्वेद औषधालय एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा जीवन शैली परिवर्तन अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। प्रभारी डॉ लीलाधर शर्मा ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर द्वारा दिनांक 10 नवंबर से सात दिवसीय 'जीवन शैली परिवर्तन शिविर' प्रारंभ किया हुआ है। दिनांक 11 नवंबर को उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य शिक्षा का शिविर रखा गया था। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण की मांग की गई थी। मांग के अनुसार दिनांक 11 तारीख को कक्षा 9 के 12 के 49 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था। एवं आज 14 तारीख को कक्षा 8 वीं 10 वीं एवं 11वीं के 43 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। कुल 92 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। परीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट एवं परामर्श सहित प्राचार्य को सुपुर्द की। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान शारीरिक समस्या या दुर्बलता पाए गए विद्यार्थियों को औषधियां भी दी गई। शरीर एवं दांतों की स्वच्छता रखना, स्वस्थ रहने के लिए सही दिनचर्या, रात्रि चर्या, स्वास्थ्य दायक खानपान आदि बताएं। स्वास्थ्य परीक्षण आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में ही किया गया। वरिष्ठ कंपाउंड राकेश कुमार बड्जाती ने शिविर की व्यवस्था बनाई एवं लोकेश कुमार तालणिया( यो. प्र.)ने सहयोग किया। विद्यालय की अध्यापिका रेखा शर्मा नें विद्यालय रिकार्ड अनुसार विद्यार्थियों की उम्र लिखित करवाई, एवं स्क्रीनिंग कार्य में सहायता की। कार्यवाहक प्राचार्य बलबीर सिंह ने औषधालय स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

## विद्यालय में सड़क, साइबर व महिला सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**पाटन(निंस.)।** राज्य सरकार द्वारा संचालित सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शुक्रवार को पाटन कस्बे स्थित प्रगति बाल मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए थानाधिकारी रमेश चंद ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षा नियमों के साथ-साथ महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियाँ उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में थानाधिकारी रमेश चंद, मोहनलाल और प्रमोद कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों ने सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, साइबर ठगी से बचाव, फर्जी संदेशों की पहचान तथा सोशल मीडिया पर सावधानी बरतने पर उपयोगी सुझाव प्रदान किए। उन्होंने मजबूत पासवर्ड तथा व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के महत्व पर भी जोर दिया। महिला सुरक्षा के संदर्भ में आपातकालीन स्थितियों में पुलिस हेल्पलाइन के सही उपयोग और आत्मरक्षा संबंधी जरूरी उपायों की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। विद्यालय निदेशक अरविन्द तिवाड़ी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षित, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाना है।

# बिहार में एनडीए की जीत पर झुंझुनूं में भाजपा का जश्नः आतिशबाजी-ढोल साथ कार्यकर्ता झूमे

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निसं.)** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के बाद झुंझुनूं में भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। परिणाम आते ही जिलेभर के कार्यकर्ता एकत्र होकर जश्न मनाने लगे। रीको स्थित भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी के नेतृत्व में विजय उत्सव का आयोजन किया गया, जहां आतिशबाजी, ढोल-नगाड़ों और मिठाइयों के साथ कार्यकर्ताओं ने इस जीत को लोकतंत्र का गौरव उत्सव करार दिया। भाजपा जिला प्रवक्ता कमल कांत शर्मा ने बताया कि बिहार में एनडीए की इस बड़ी जीत ने कार्यकर्ताओं का उत्साह कई गुना कर दिया है। कार्यालय परिसर में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और आतिशबाजी कर अपनी खुशी जाहिर की। कई कार्यकर्ता ढोल-ताशों की ताल पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम की अगुआई कर रहीं जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने कहा कि बिहार में मिली सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनकी नीतियों पर आमजन के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बिहार ने गुंडाराज का अंत कर विकास और सुशासन के पक्ष में मतदान किया है। भाजपा अध्यक्ष ने इसे 'विकास की जीत' और 'नए भारत की सोच' का प्रतिबिंब बताया। विधायक राजेंद्र भांबू ने भी इस मौके पर उत्साहित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की जीत ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को और मजबूती प्रदान की है। उन्होंने कहा कि जनता ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि देश में विकास, सुरक्षा और स्थिरता की राजनीति को ही समर्थन मिलता है। भांबू ने कहा कि बिहार रिजल्ट ने भविष्य के राजनीतिक संकेत भी साफ कर दिए हैं कि जनता राष्ट्रहित में काम करने वाली सरकारों को ही मौका देना चाहती है। पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार ने भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस और महागठबंधन की भ्रम फैलाने वाली राजनीति को जनता ने नकार दिया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा किए गए दुष्प्रचार और नकारात्मक राजनीति का जवाब बिहार की जनता ने निर्णायक रूप से दिया है। पूर्व सांसद ने यह भी कहा कि बिहार की जीत पूरे देश में सकारात्मक संदेश लेकर आई है कि जनता मोदी सरकार के कामों को बारीकी से देख रही है और उस पर भरोसा भी जता रही है। इस मौके पर जिले के कई वरिष्ठ भाजपा नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें पूर्व विधायक सुभाष पूनिया, रणवीर सिंह गुढ़ा, वीरेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा (चिड़ावा), भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा (बगड़), सुनील लांबा, जिला मंत्री महावीर ढाका, महेंद्र चंदवा, नगर मंडल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जयसिंह मांठ, अजय चाहर, भूपेंद्र सिंह शेखावत, सौरभ सोनी शामिल थे। इसके अलावा सरपंच फतेह सिंह, नगर महामंत्री रवि लांबा, संजय मोरवाल, पार्षद चंद्र प्रकाश शुक्ला, सावित्री सैनी, ममता शर्मा, मंजू चौहान, विमला चौधरी, दीपक स्वामी, कपिल सोनी, राजेंद्र चौधरी, जे.पी. चौधरी, कमल केजरीवाल, नवल खंडेलिया, पार्षद अशोक प्रजापत, प्रियंक योगी, कै. अमरचंद खेदड़, रामचंद्र पाटोदा और संजय जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जश्न में शामिल रहे।

## आदर्श में स्किल मेलाः कला का भव्य प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निसं.)।** आदर्श विद्या मन्दिर विद्यालय प्रांगण में शुक्रवार को 'स्किल मेला' का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा, मण्डावा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दामोदर प्रसाद जांगिड़, साक्षरता अधिकारी मूल सिंह शेखावत, संस्था समिति के संरक्षक भामाशाह मक्खनलाल यादव एवं कोषाध्यक्ष हरिशंकर द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रधानाचार्य श्रवण कुमार ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। मेले में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा से तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया। इनमें छात्रा दक्षिता जांगिड़ का 'ट्विन ट्रिंकलेट्स' तथा मानवी सोनी का 'मानवी आर्ट पैलेस' विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पाक-कला में छात्राओं का 'देसी डिलाइट' तथा राजस्थानी व्यंजनों के लिए 'चटकारा जंक्शन' मुख्य रूप से चर्चित रहे। संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने बताया कि विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशल के साथ उद्यमिता का विकास करना स्किल मेले का प्रमुख उद्देश्य है। विद्यार्थियों ने अपने हस्तनिर्मित कलात्मक सामान एवं खाद्य उत्पादों का विक्रय कर व्यवसायिक कौशल को प्रायोगिक रूप से सीखा। गत वर्ष की तुलना में इस बार 20 स्टॉल अधिक लगाए गए, जिनमें सांस्कृतिक पकवान, खेल व मनोरंजन गतिविधियों का समावेश रहा। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने कहा कि स्किल मेला सह-शैक्षणिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसबार 48 स्टॉल विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए। 'स्किल मेला' विशिष्ट उद्देश्य वाला विचार जो विद्यार्थियों को मंच प्रदान कर उनके हुनर और आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक है। मेले के दौरान विद्यार्थियों के शैक्षणिक परिणामों के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा व अन्य गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों को नई दिशा और अवसर प्रदान करने वाला अत्यंत सराहनीय कदम है। इस अवसर पर व्याख्याता गोविन्द सोनी, गौतम कालोया, बलवीर सिंह, शारीरिक शिक्षक हरलाल सिंह, परमेश्वर लाल, ओमप्रकाश, मनीषा चौधरी, संजू स्वामी, अंजू कुर्मी सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## उपखंड कार्यालय में खनन गतिविधियों पर बैठक आयोजित

**बीदासर** उपखण्ड अधिकारी कार्यालय शुक्रवार को खनन गतिविधियों की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष कुमार मीणा ने की। बैठक में खनन एवं परिवहन से जुड़े विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। एडीएम ने क्षेत्र में हो रहे खनन कार्यों पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि खनन सामग्री ढोने वाले वाहनों का औचक निरीक्षण किया जाए और ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में एसडीएम अमीलाल यादव, तहसीलदार अमरसिंह बोचला, थानाधिकारी सांडवा चौथमल, खनिज विभाग चूरू से मंगनाराम मिर्धा, परिवहन निरीक्षक सुजानगढ़ कैलाश स्वामी तथा वन विभाग छापर से राकेश बिश्नोई मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से ढाणी में लगी आग, लाखों का घरेलू सामान जलकर हुआ राख

**सरदारशहर।** तहसील के अमरसर गांव में गुरुवार रात्रि को रामूदान चारण की ढाणी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से ढाणी में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कर पानी डालकर आग पर काबू पाया। ग्रामीण रणजीत सिंह शेखावत ने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। हालांकि ढाणी में रखे करीब 70 हजार रुपये नकद, लगभग 7 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और दैनिक उपयोग का पूरा सामान जलकर राख हो गया। रामूदान चारण का परिवार पिछले 10 वर्षों से कृषि कनेक्शन के सहारे खेत में ही ढाणी बनाकर रह रहा था। घटना की सूचना पटवारी और तहसीलदार को दे दी गई है। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का सर्वे करवाने और पीड़ित परिवार को उचित सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। सरपंच करणी चारण ने भी प्रशासन को पूरी जानकारी देने और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलवाने का प्रयास करने की बात कही है। आग बुझाने में हनुमान सिंह राठौड़, भालदान चारण, किसूदान चारण, किशन सिंह शेखावत, महेंद्र सिंह राजपूत और वीरेंद्र सिंह राठौड़ सहित कई ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मंडावा में स्काउट गाइड का वार्षिक अधिवेशन



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निसं.)** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ मंडावा का वार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को श्री डेडराज ढांढनिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडावा में आयोजित किया गया। स्थानीय संघ प्रधान संजय तेतरवाल ने सभी का स्वागत किया। प्रधानाचार्य पवन कुमार ने बताया कि अधिवेशन की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने की व मुख्य अतिथि सीओ स्काउट महेश कालावत व विशिष्ट अतिथि एसीबीईओ दामोदर प्रसाद जांगिड़ थे। अधिवेशन में मंडावा ब्लॉक के समस्त राजकीय व निजी विद्यालयों के संस्था प्रधान, स्काउटर व गाइडर ने भाग लिया। कोषाध्यक्ष अजय कुमार महला ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। अधिवेशन में मंडावा ब्लॉक के विद्यालयों में स्काउट गाइड की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर कुमास पूनिया प्रधानाचार्य एजाज नबी, मोजास प्रधानाचार्य सुशील कुमार, कुहाड़ू प्रधानाचार्य गोवर्धन सिंह, टांई प्रधानाचार्य हरिसिंह, महनसर प्रधानाचार्य जय राम जांगिड़, भिखनसर प्रधानाचार्य बबीता कुमारी, बिरमी प्रधानाचार्य किरण कुल्हरी उपस्थित रहे। संचालन जय चंद भड़िया ने किया।

## वंदे मातरम 150 कार्यक्रम का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निसं.)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना तथा वन्दे मातरम समिति के संयुक्त तत्वावधान में वन्दे मातरम @150 कार्यकम का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यकम अधिकारी अविनाश कुमार मील ने राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए भारत के स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका के बारे में बताया। साथ ही स्थानीय बूथ लेवल अधिकारी मनोज कुमार जांगिड़ ने छात्राओं को (एसआईआर) विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यकम से जोड़ने हेतु प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## दरभंगा से छठी बार संजय सरावगी को मिली विजयश्री, शहर में जश्न का माहौल

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** दरभंगा विधानसभा सीट से लक्ष्मणगढ़ के मूल निवासी संजय सरावगी ने लगातार छठी बार जीत हासिल कर एक बार फिर इतिहास रच दिया है। लक्ष्मणगढ़ निवासी उनके बड़े भाई व भाजपा नेता तथा अग्रवाल संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष जयप्रकाश सरावगी ने बताया कि संजय सरावगी को भारी मतों से मिली विजय के बाद पूरे सरावगी परिवार के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ताओं और नगरवासियों में उल्लास का माहौल है। निवर्तमान में वे कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्यरत थे।एमकॉम और एमबीए की पढ़ाई कर चुके सरावगी छात्र जीवन से ही राजनीति से जुड़े रहे और एबीवीपी के सक्रिय सदस्य रहे। 1995 में भाजपा की सदस्यता लेने के बाद वे दरभंगा नगर निगम से पार्षद बने। उनकी सक्रियता और जनता से मजबूत जुड़ाव को देखते हुए पार्टी ने मार्च 2005 में पहली बार उन्हें विधानसभा टिकट दिया, जिस पर उन्होंने शानदार जीत दर्ज की। इसके बाद वे नवंबर 2005, 2010, 2015 और 2020 में भी दरभंगा सदर से विधायक चुने गए। वर्ष 2018 में उन्हें विधानसभा की प्राकलन समिति का अध्यक्ष बनाया गया और इसी वर्ष उन्हें कैबिनेट मंत्री पद की जिम्मेदारी मिली।जनसेवा के प्रति उनकी तत्परता और जनता के हर बुलावे पर तुरंत पहुंचने की आदत उन्हें आम कार्यकर्ताओं में बेहद लोकप्रिय बनाती है। दरभंगा में एयरपोर्ट, एम्स सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को साकार करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है।

## संगीतमयी मंगल पाठ से माहौल हुआ भक्तिमय



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** श्री राणीसती दादी जी के जन्मोत्सव महोत्सव के उपलक्ष्य में गुरूवार शाम को मंगल पाठ से माहौल भक्तिमय हो गया। मण्डावा स्थित श्री राणी सती दादी जी मंदिर में मेंहदी उत्सव के साथ नवमी महोत्सव शुरु हुआ। इस दिन मेंहदी उत्सव के साथ भजन संध्या सहित कई अनुष्ठान हुए। गुरूवार सुबह में विशेष मंगला आरती हुई। जिसमें दादी भक्तों की काफी भीड़ हुई। इसके बाद शाम में मंगल पाठ शुरु हुआ। जिसमें काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। मुम्बई की मंगलपाठ वाचिका चन्दा पौदार ने संगीतमयी मंगलपाठ पर महिला भक्तों को खूब झूमाया। इस दौरान राणी सती दादी के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गूंजता रहा। कार्यक्रम में धर्मानुरागी पिंकी झुंझुनूंवाला, सारिका देवड़ा, मीनू जोशी, ललिता देवड़ा, रश्मि, पिंकी, पूनम, सरोज मोदी, उषा देवड़ा, रजंना, रेखा, अचंल, सुमन, सन्तोष, मधु,किरण, ज्योति सहित अनेक महिला श्रद्धालु उपस्थित रही ।

## चूरू के कनिष्क शर्मा ने शूटिंग में रचा इतिहास, नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)।** जिला खेल स्टेडियम स्थित चिंकारा शूटिंग रेंज के प्रतिभाशाली शूटर कनिष्क शर्मा ने भोपाल में आयोजित ऑल इंडिया जी. वी. मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर चूरू का नाम एक बार फिर रोशन किया है। प्रतियोगिता में कनिष्क ने बेहतरीन एकाग्रता और मजबूत प्रदर्शन का परिचय दिया। उनके प्रदर्शन ने न केवल उनके कोच और खेल प्रेमियों को प्रभावित किया बल्कि क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना। चूरू के शिव कॉलोनी निवासी 12 वी कक्षा के छात्र कनिष्क शर्मा के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उनका चयन अब 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए हो गया है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 11 दिसंबर से 31 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर के चूने हुए श्रेष्ठ शूटर हिस्सा लेंगे। 15 वर्षीय कनिष्क इस प्रतियोगिता में अपनी राइफल शूटिंग क्षमता का प्रदर्शन करते हुए देश के दिग्गज खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। चिंकारा शूटिंग रेंज के कोच करणवीर सिंह राठौड़ ने कनिष्क की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि कनिष्क ने लगातार अभ्यास, अनुशासन और कठिन परिश्रम के दम पर यह मुकाम हासिल कर नेशनल के लिए क्वालीफाई किया है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। कनिष्क शर्मा की उपलब्धि पर परिवारजनों, शिक्षकों, रेंज के प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। कनिष्क ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच करणवीर सिंह और परिजनों को देते हुए कहा कि उनका लक्ष्य देश के लिए पदक जीतना है।